RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ● Highly Qualified And Trained Faculty ● well Quipped Labs ● CCTV Controlled Environment ● Activity Based Learning ● Well Equipped Library ● GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)
कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

वर्ष : 27 | अंक : 81 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 12 मार्च, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# संभल मस्जिद में रंगाई-पुताई को मंजूरी

## हाईकोर्ट का फैसला ASI करायेगी रंगाई-पुताई



**प्रयागराज ( एजेंसी )।** संभल की शाही जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई की याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आंशिक रूप से स्वीकार कर लिया है। हाईकोर्ट ने इसको लेकर बड़ा फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने मस्जिद कमेटी को जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई कराने की इजाजत दे दी है। हालांकि, कोर्ट ने कमेटी को मस्जिद में केवल बाहरी दीवारों पर रंगाई-पुताई कराने की अनुमति दी है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि मस्जिद की बाहरी दीवार पर लाइटनिंग भी लगाई जा सकती है, लेकिन बिना किसी ढांचे को नुकसान पहुंचाए। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने ये आदेश दिया है। हाईकोर्ट के इस फैसले से मुस्लिम पक्ष यानी कि जामा मस्जिद कमेटी को बड़ी राहत मिली है। अब अगली सुनवाई 8 अप्रैल को होगी।

आपको बता दें कि रमजान शुरू होने से पहले मस्जिद कमेटी ने एएसआई और प्रशासन से जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई की इजाजत मांगी थी। लेकिन उसे खारिज कर दिया गया था। जिसके बाद कमेटी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया, जिसपर हिंदू पक्ष ने नाराजगी जताई थी।

हिंदू पक्ष ने आरोप लगाया था कि रंगाई-पुताई के बहाने मस्जिद के निर्माण में छेड़छाड़ की जा सकती है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने एएसआई से रिपोर्ट मांगी थी। (शेष पृष्ठ-4 पर)



## मस्जिद को पीली पन्नी से ढका

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में लाट साहब होली से पहले की तैयारियों पर एसपी राजेश एस ने बताया कि हमने एक महीने पहले शांति समिति की बैठक शुरू की थी और जरूरी संख्या में सुरक्षा बलों की मांग की थी। कुल मिलाकर करीब 3500 सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे। लाट साहब के दोनों तरफ की सभी मस्जिदों को कवर कर लिया गया है। हम ड्रोन, सीसीटीवी के जरिए नजर रख रहे हैं। सभी तैयारियां कर ली गई हैं।

## होली पर नई परंपरा को मंजूरी नहीं

### ● फर्जी खबरों पर तुरंत एक्शन



**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने आगामी होली पर्व के मद्देनजर राज्यभर में प्रभावी पुलिस प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सभी जोनल एडीजी, आईजी, डीआईजी, एसएसपी और एसपी को निर्देशित किया कि त्योहार के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए जाएं।

उप्र पुलिस के डीजीपी प्रशांत कुमार ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि होली पर नई परंपराओं को शुरू करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी त्योहार परंपरागत रूप से संपन्न कराए जाएं। पूर्व में विवादित होलिका दहन स्थलों पर वरिष्ठ अधिकारी खुद निरीक्षण करें। पुलिस बल को क्यूआरटी टीमों में संगठित किया जाएगा और दंगा नियंत्रण उपकरणों से लैस रखा जाएगा। फ्लैग मार्च और एरिया डोमिनेशन जुलूस मार्गों पर फ्लैग मार्च किया जाएगा और संवेदनशील क्षेत्रों में अधिक पुलिस बल तैनात रहेगा।

निर्देशों में कहा गया है कि फर्जी खबरें और भ्रामक पोस्ट पर नजर रखी जाएगी। सोशल मीडिया टीम 24×7 मॉनिटरिंग करेगी और भड़काऊ पोस्ट पर तुरंत एक्शन लिया जाएगा। अवैध और जहरीली शराब की बिक्री रोकने के लिए छापेमारी अभियान चलाया जाएगा। चिकित्सा और आपातकालीन सेवाएं रहेंगी सक्रिय (शेष पृष्ठ-4 पर)

# होली व रमजान पर मुफ्त सिलेंडर की सौगात

## उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को मिलेगा लाभ



**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को होली व रमजान का तोहफा दिया है। प्रधानमंत्री उज्वला योजना के अंतर्गत 1,890 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल का वितरण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में इसकी शुरुआत की।

इस मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले की सरकारों में न कनेक्शन मिलते थे और न सिलेंडर। नेतागिरी करने पर डंडे खाने पड़ते थे। आज हम 1.86 करोड़ लाभार्थियों को निशुल्क सिलेंडर उपलब्ध करवा रहे हैं। आज प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों के उज्वला सिलेंडर रिफिलिंग के लिए 1.890 करोड़ की धनराशि जारी की जा रही है। हमने 2021 में यह घोषणा की थी कि 2022 में सरकार आते ही होली और दिवाली पर सिलेंडर रिफिलिंग कराई जाएगी, और हम अपने वादे को पूरा कर रहे हैं।

होली और रमजान का पवित्र महीना है, यह अच्छी बात है कि दोनों परिवारों को इसका लाभ मिलेगा।

## बदमाशों ने 3 लोगों से लूटा मोबाईल फोन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अज्ञात बदमाशों ने तीन लोगों का मोबाइल फोन लूट लिया। पुलिस घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। थाना फेस-3 पुलिस ने बताया कि बीती रात को अमन सक्सैना ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह सेक्टर 64 के पास से पैदल जा रहे थे, तभी बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने उनका कीमती मोबाइल फोन लूट लिया।

थाना एक्सप्रेसवे पुलिस ने बताया कि बीती रात को निखिल वर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह सेक्टर 168 स्थित छपरौली गांव में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार वह काम करके अपनी पीजी में लौट रहे थे, तभी बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने सेक्टर 135 के पास से उनका मोबाइल फोन लूट लिया। पीड़ित के अनुसार बदमाश घटना को अंजाम देकर दूसरी तरफ से भाग गए। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## सेक्टर-71 में प्राधिकरण के अधिकारियों का दौरा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** आज नोएडा प्राधिकरण के उप महाप्रबंधक सिविल विजय रावल ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ सेक्टर 71 तथा अन्य स्थानों का निरीक्षण किया तथा अव्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र ही सभी समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए।

नोएडा प्राधिकरण के सिविल विभाग की उप महाप्रबंधक विजय रावल ने आज सेक्टर-71 तथा आसपास के क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान (शेष पृष्ठ-4 पर)

# काले रंग की थार ने मचाई दहशत, कई गाड़ियों में मारी टक्कर



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में थार सवार की दहशत का वीडियो वायरल हो रहा है. जहां एक काले रंग की थार में सवार युवक सड़क पर मौजूद कई वाहनों को टक्कर मारने के बाद फरार हो गया। पूरा मामला नोएडा के सेक्टर-16 का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने आरोपी थार चालक की तलाश शुरू कर दी है। उसकी गिरफ्तारी के लिए दो टीमे बनाई गई है।

डीसीपी नोएडा रामबदन सिंह ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-16 में 10 मार्च के दौरान जब रोड किनारे बाइक और स्कूटी पार्क की गई थीं । तभी एक काले रंग की थार लेकर युवक आता है और खड़े वाहनों में टक्कर मारने लगता है। इस दौरान वहां मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। वहीं, थार की स्पीड को देखकर वहां पर मौजूद लोग उसे रोकने तक की जहमत नहीं जुटा पाते हैं।

बताया जाता है कि इस दौरान थार चालक ने कई वाहन चालकों को भी टक्कर मारी।

उन्होंने बताया कि दिल्ली का रहने वाला युवक थार कार में स्पीकर लगवाने आया था। इस दौरान स्पीकर वाले से उसका झगडा हो गया। जिसके बाद वह खतरनाक ढंग से थार लेकर निकला।

# मोबाइल व चेन स्नेचर मुठभेड में घायल



**नोएडा ( एजेंसी )।** नोएडा चोरी की बाइक से मोबाइल और चेन स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले बदमाशों को थाना सेक्टर-58 पुलिस ने चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ के बाद, एक बदमाश को घायल अवस्था में और दूसरे बदमाश को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है । बदमाशों के कब्जे से तमंचा कारतूस, लूट के 05 मोबाईल फोन व एक चोरी की मोटर साइकिल बरामद हुयी हैं।

एडीसीपी नोएडा सुमित शुक्ला ने बताया कि मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से घायल हुए बदमाश की पहचान शकील पुत्र शाहबुद्दीन के रुप में हुई है, शकील को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है । एडीसीपी ने बताया कि थाना सेक्टर 58 पुलिस टीम द्वारा विशनपुरा मंडी सेक्टर 58 नोएडा के पास चैकिंग कर रही थी, तभी सामने से संदिग्ध एक मोटर साइकिल सवार दो व्यक्ति आते दिखाई दिये, जिन्हें रूकने का इशारा किया गया तो वह नहीं रूके तथा मोटर (शेष पृष्ठ-4 पर)

## समाजसेवी महेश सक्सेना का व्हाट्सएप हुआ हैक, लोगों से मांगी धनराशि



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा लोक मंच के महासचिव महेश सक्सेना का व्हाट्सएप हैक कर हैकर्स ने 5000 लोगों से मदद के नाम पर धनराशि मांगी। समाजसेवी महेश सक्सेना ने इस घटना की शिकायत साइबर पुलिस में दर्ज कराई है, और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मालूम हो कि कल नोएडा लोक मंच द्वारा विभिन्न महिलाओं को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया था। इस दौरान महेश सक्सेना व्यस्त थे, और इसी बीच हैकर्स ने उनका व्हाट्सएप हैक कर लिया। इसके बाद, उन्होंने 5000 से अधिक लोगों को संदेश भेजकर आर्थिक सहायता की मांग की।

जब महेश सक्सेना को इस घटना की जानकारी मिली, तो उन्होंने अपने सभी परिचितों को सतर्क किया और स्पष्ट किया कि उनकी ओर से कोई धनराशि नहीं मांगी गई है। इसके साथ ही, उन्होंने साइबर क्राइम सेल में लिखित शिकायत दर्ज कराई। साइबर पुलिस आम जनता को आगाह कर रही है कि वे ऐसे किसी भी संदेश पर विश्वास न करें। यदि किसी को संदिग्ध संदेश मिलता है, तो तुरंत पुलिस और संबंधित व्यक्ति को सूचित करें। व्हाट्सएप और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म (शेष पृष्ठ-4 पर)

# 18 वर्षों तक भारतीय सेना की सेवा करने के बाद अब साहित्य और संगीत की सेवा

## शंभू प्रसाद सुयाल की अब तक पांच रचनाएं हो चुकी हैं प्रकाशित



**नोएडा ( चेतना मंच )।** पिछले 18 वर्षों तक भारतीय सेना में और 13 वर्षों तक प्रधानमंत्री कार्यालय के कैबिनेट सचिवालय में फील्ड ऑफिसर के रूप में सेवा देने के बाद, सूबेदार शंभू प्रसाद सुयाल ने अब साहित्य और संगीत की सेवा करने का संकल्प लिया है।

अब तक शंभू प्रसाद सुयाल की पांच रचनाएँ प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें दो कहानी संग्रह, एक उपन्यास, और अन्य गीत एवं गद्य रचनाएँ शामिल हैं। इसके अलावा, वे संगीत में भी गहरी रुचि रखते हैं और विभिन्न अवसरों पर लोगों का गीतों के माध्यम से मनोरंजन करते हैं। वे दूरदर्शन पर भी समय-समय पर अपने कार्यक्रम प्रस्तुत करते रहते हैं।

सूबेदार पद से सेवानिवृत्त शंभू प्रसाद सुयाल ने बताया कि उनका जन्म उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा के बाद उनका चयन भारतीय सेना में हो गया। उन्होंने भारतीय सेना में 18 वर्षों तक सेवा की और 1965 एवं 1971 के युद्धों में भाग लिया, जहाँ उन्होंने अपनी वीरता से दुश्मन को परास्त किया। उनकी इस बहादुरी के लिए उन्हें कई मेडल भी प्रदान किए गए।

सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय के कैबिनेट सचिवालय में फील्ड ऑफिसर के रूप में 13 वर्षों तक कार्य किया और फिर वहां से भी सेवानिवृत्त हुए। इसके बाद उन्होंने साहित्य और संगीत के क्षेत्र में अपना योगदान देना शुरू किया।

नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान शंभू प्रसाद सुयाल ने बताया कि वे अपने जीवन के शेष वर्षों में साहित्य और संगीत की सेवा करना चाहते हैं। वे अभी भी लेखन कार्य में सक्रिय हैं और आगे कई कहानी संग्रह एवं उपन्यास लिखने की योजना बना रहे हैं। साथ ही, वे संगीत की शिक्षा भी देते हैं, गीत लिखते और गाते भी हैं।

उनका मानना है कि साहित्य और संगीत समाज को एक नई दिशा देने का सशक्त माध्यम है, और वे जीवन के अंतिम पड़ाव तक इस सेवा को जारी रखना चाहते हैं।

om EVER GREEN SWEETS
रंगोत्सव होली की हार्दिक शुभकामनाएं
आपके शहर में विश्वसनीय, शुद्धता एवं स्वच्छता के लिये मशहूर प्रतिष्ठान
काजू कतली, डोडा बर्फी, रसमलाई, स्पंज रसगुल्ला, पनीर, जलेबी, इमरती, सोनपापड़ी, बालूशाही, मोतीचूर लड्डू, बर्थडे केक, पेस्ट्री चॉकलेट, पेटिज, बर्गर, पिज्जा, गोलगप्पे, टिक्की, छोले भटूरे, पॉवभाजी, स्पेशल वैज थाली, समोसे, ब्रेड पकोड़ा, ढोकला इत्यादि ।
नोट: शुभ अवसरों पर कैटरिंग की भी व्यवस्था है।
Shop No. 16, Bougainvillea Shopping Complex, Sector Gamma-II (Near Gr. Noida Authority) Greater Noida Ph.: 0120-4283052 Mob.: 9210005711
ALPHA II: Shop No. 4, Satyam Shopping Complex, Sector Alpha-II Gr. Noida, Mo.: 9643692200
OMEGA II: Shop No. 1, Star Plaza Ansal Golf Link, Mob.: 9990491275, 9210080229
Sector 36: Shop No. 8, Greno City Plaza, Opp. Ivory Hospital, Sector-36, Mob.: 9811900795
CHI-V: Shop No. 39 & 40 Nimbus Express View Opp. Poorvanchal Royal City Mob. 8448818119
OMICRON 3: Shop No.1, Pulmeria Garden Shopping Complex, Mob.:8882462343
Sector 134: Shop No.1, JP Green Wish Town, Wazidpur, Noida Mob.: 9667773004, 8750355500
9210005711, 9313422939, 0120-4283052
Branch : Shop No.8, Greno Plaza, Opporite Ivory Hospital, Sec.-36, GB Nagar Mob.: 9811900795, 8882462343

# चैंपियंस ट्रॉफी

होली से पहले ही हमारी क्रिकेट टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर उल्लास-उमंग का ऐसा रंग दिया कि हर भारतीय निखर उठा। होली से पहले देश में दिवाली का भी जश्न मना। देश के कोने-कोने ही नहीं, दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में खूब तिरंगे लहराये। वहां तन-मन पर तिरंगे अहसास मुखरित हुए। निरंतर जीत की लय में नजर आ रही टीम ने देश की धड़कनों को उस समय ऊंचाई दी जब फाइनल मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हरा दिया। एक ऐसी जीत जिस पर हर भारतीय गर्व कर सके। यह भारतीय क्रिकेट डिप्लोमेसी की भी बड़ी जीत थी, जिसने बताया कि क्रिकेट जगत में भारत के दखल का कोई विकल्प नहीं है। इस बार चैंपियन ट्रॉफी का आयोजक पाकिस्तान था, जिसने स्टेडियम तैयार करने और अपनी धरती पर यह वैश्विक स्पर्धा आयोजित करने को जी-जान लगायी और पैसा खर्च किया। लेकिन बावजूद इसके आईसीसी में भारतीय वर्चस्व के चलते हमारी टीम ने कोई भी मैच पाकिस्तान में नहीं खेला। भारत ने सारे मैच तीसरे देश दुबई में खेले। फिर चैंपियंस ट्रॉफी भी जीत ली। पाकिस्तान के हुकमरान व क्रिकेट के कर्ता-धर्ता मन मसोस कर रह गये। बहरहाल, भारतीय टीम का दस महीनों में यह दूसरा विश्व खिताब है। भारत ने जून, 2024 को टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया था। कप्तान रोहित शर्मा को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उनकी कप्तानी में देश ने दूसरा आईसीसी टूर्नामेंट जीता। सही मायनों में फाइनल में उन्होंने कप्तान की पारी खेली और शानदार-धुआंधार 76 रन बनाये। निश्चित रूप से फाइनल मैच में स्पिनरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके कसे शिकंजे का ही नतीजा था कि न्यूजीलैंड को 251 पर बांध दिया गया। फिर रोहित की पारी के अलावा श्रेयस अय्यर व केएल राहुल की शानदार पारियों ने टीम को जीत के मुहाने तक पहुंचाया। ओपनर्स रोहित शर्मा और शुभमन गिल की रिकॉर्ड शतकीय साझेदारी ने टीम में जीत का जज्बा पैदा किया। दोनों धुरंधरों ने पहले विकेट के लिये 105 रन जोड़े। बहरहाल, बारह साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी में जीता खिताब भारतीयों को उल्लास से भर गया। वहीं टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में पच्चीस साल पहले न्यूजीलैंड के हाथों मिली हार का भी बदला ले लिया। सुखद यह भी है कि हमारी टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही। उससे भी महत्वपूर्ण यह है कि भारतीय टीम तीन बार चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे सफल टीम बन गयी। यह भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिये निश्चय ही गर्व की बात है। इस टूर्नामेंट की एक खास उपलब्धि रही मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की खोज। वे शुरुआत में प्रस्तावित टीम का हिस्सा नहीं थे। लेकिन उन्होंने खुद को साबित किया और विरोधियों को उन्हें समझने में खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम की उपलब्धि यह भी है कि उसने आईसीसी इवेंट्स में पिछले 14 मैच लगातार जीते हैं। गर्व का पल यह भी है कि भारत के पास एक ही समय में टी-20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब है। दुनिया की ऐसी अनुभवी टीम जिसमें रोहित शर्मा व विराट कोहली के पास नौ आईसीसी फाइनल खेलने का रिकॉर्ड है। बहरहाल, इस मैच में भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को इस बात को लेकर निराशा जरूर हुई होगी कि पूरे टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में रहे विराट कोहली फाइनल मुकाबले में सिर्फ दो गेंदों का ही सामना कर पाए। लेकिन श्रेयस अय्यर व केएल राहुल ने इस कमी को पूरा किया। बहरहाल, टॉस के मामले में अनलकी रहने वाले रोहित शर्मा ने होली से पहले क्रिकेट की जीत के रंग में भारतीयों को सराबोर कर दिया। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय टीम ने अपनी जमीन पर वर्ष 2023 के वर्ल्ड कप में मिली पराजय के बाद जीत का जबरदस्त जज्बा पैदा किया। तब लगातार दस मैच जीतने के बावजूद टीम फाइनल में हार गई थी। लेकिन टीम ने वैसी गलती फिर नहीं दोहरायी। पहले 2024 में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 वर्ल्ड कप जीता और अब चैंपियंस ट्रॉफी। यह जीत की लय बनी रहे।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि (फिर) राजा ने राजकुमारी को लाकर नारदजी को दिखलाया (और पूछा कि-) हे नाथ! आप अपने हृदय में विचार कर इसके सब गुण-दोष कहिए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**देखि रूप मुनि बिरति बिसारी। बड़ी बार लगि रहे निहारी॥**
**लच्छन तासु बिलोकि भुलाने। हृदयँ हरष नहिं प्रगट बखाने॥**

उसके रूप को देखकर मुनि वैराग्य भूल गए और बड़ी देर तक उसकी ओर देखते ही रह गए। उसके लक्षण देखकर मुनि अपने आपको भी भूल गए और हृदय में हर्षित हुए, पर प्रकट रूप में उन लक्षणों को नहीं कहा॥

**जो एहि बरइ अमर सोइ होई। समरभूमि तेहि जीत न कोई॥**
**सेवहिं सकल चराचर ताही। बरइ सीलनिधि कन्या जाही॥**

(लक्षणों को सोचकर वे मन में कहने लगे कि) जो इसे ब्याहेगा, वह अमर हो जाएगा और रणभूमि में कोई उसे जीत न सकेगा। यह शीलनिधि की कन्या जिसको वरेगी, सब चर-अचर जीव उसकी सेवा करेंगे॥

**लच्छन सब बिचारि उर राखे। कछुक बनाइ भूप सन भाषे॥**
**सुता सुलच्छन कहि नृप पाहीं। नारद चले सोच मन माहीं॥**

सब लक्षणों को विचारकर मुनि ने अपने हृदय में रख लिया और राजा से कुछ अपनी ओर से बनाकर कह दिए। राजा से लड़की के सुलक्षण कहकर नारदजी चल दिए। पर उनके मन में यह चिन्ता थी कि-॥

(क्रमशः...)

# असंतुलित आर्थिक नीतियां बढ़ा रही हैं अमीरी गरीबी की खाई

देश के लगभग 100 करोड़ भारतीयों के पास इतनी आय नहीं है कि वे विवेकाधीन वस्तुओं पर कुछ भी खर्च कर सकें। अर्थात वे किसी भी प्रकार से किसी भी वस्तु पर अतिरिक्त खर्च करने में असमर्थ हैं। लोग जरूरत के अलावा सामान या सुविधाएं नहीं खरीद सकते। वहीं, देश के केवल 10 फीसदी लोग, अर्थात 13-14 करोड़ लोग देश की अर्थव्यवस्था को चला रहे हैं, क्योंकि ये लोग ही सबसे ज्यादा खर्च करते हैं और देश की तरक्की में बड़ा रोल निभाते हैं। केंद्र सरकार एक तरफ देश में तरक्की का नया मॉडल पेश करते हुए विकसित भारत की तरफ बढ़ते कदमों का आंकड़ा पेश करती है, वहीं गरीबी और अमीरी की बढ़ती खाई ने इस मॉडल पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। ब्लूम वेंचर्स की इंडस वैली की वार्षिक रिपोर्ट 2025 भारत की आर्थिक विषमता की यह तस्वीर पेश करती है। इस रिपोर्ट का सरकार द्वारा किसी तरह प्रतिवाद नहीं किए जाने से साफ जाहिर है कि देश की आर्थिक सेहत एक तरफा जा रही है। अमीरी और गरीबी की खाई का चौड़ा होना जारी है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत का उपभोक्ता बाजार बड़े स्तर पर विस्तार नहीं कर रहा है, बल्कि एक ही जगह गहरा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि भले ही अमीर लोगों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हो रही है, लेकिन जो लोग पहले से ही अमीर हैं, वे और भी अमीर हो रहे हैं।

आंकड़ों के अनुसार शीर्ष 10 प्रतिशत भारतीयों (10 सबसे अमीर भारतीय) के पास अब कुल नेशनल आय का 57.7 प्रतिशत हिस्सा है, जो पहले 1990 में 34 प्रतिशत था, जबकि निचले स्तर पर यह हिस्सा पहले के 22.2 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत रह गया है। इसके अलावा, 30 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्होंने हाल फिलहाल खर्च करना शुरू किया है। ये लोग भी अपने खर्च को लेकर बहुत सावधान हैं। खर्च करने वाला वर्ग बढ़ नहीं रहा!

आंकड़ों के मुताबिक 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी। 12 लाख रुपये तक कमाई करने वालों को अब इनकम टैक्स नहीं देना होगा जिससे 92 प्रतिशत



**आंकड़ों के मुताबिक 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी।**

वेतनभोगी लोगों को राहत मिलेगी। इसके बावजूद भारत की खपत चीन से 13 साल पीछे है। वर्ष 2023 में भारत में प्रति व्यक्ति खर्च 1,493 डॉलर था, जबकि चीन में वर्ष 2010 में ही ये 1,597 डॉलर था। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में भी हालात ठीक नहीं हैं। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में बढ़ता कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। दिसंबर 2024 तक इस सेक्टर के नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। ये अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है और कुल लोन का 13 प्रतिशत है। अमीर-गरीब के बीच की खाई भारत में कभी छिपी नहीं रही है। यह खाई और चौड़ी हो गई है। माइक्रोफाइनेंस का मतलब है गरीब परिवारों को बिना गारंटी के लोन देना। इन परिवारों की सालाना कमाई 3 लाख रुपये से कम होती है। ज्यादातर महिलाएं इन लोन का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन ज्यादा लोन देने की होड़ में हालात बिगड़ गए हैं। बंधन बैंक, इंडसइंड, आईडीएफसी फर्स्ट जैसे बैंकों के एनपीए बढ़ गए हैं। बंधन बैंक के 56,120 करोड़ रुपये के लोन में से 7.3 प्रतिशत एनपीए हो चुके हैं। एनपीए वो कर्ज है जिसकी कोई भी किश्त 180 दिनों तक चुकाने में लेनदार असफल हो जाता है। इसके बाद बैंकों को इस तरह के लोन को एनपीए में डालना होता है। हालांकि इस लोन की वसूली की कोशिश जारी रहती है और कई बार ये पूरा या आंशिक तौर पर वापस मिल जाता है।

आंकड़ों के मुताबिक 91 से 180 दिन का बकाया लोन कुल आउटस्टैंडिंग का 3.3 फीसदी है, जबकि 180 दिन से ज्यादा बकाया लोन 9.7 प्रतिशत है। माइक्रोफाइनेंस को लेकर अब संस्थान भी सतर्कता बरत रहे हैं। क्योंकि उन्हें एनपीए अभी और बढने की आशंका है। भारतीय रिजर्व बैंक ने लोन पर रिस्क वेट घटाया इसी बीच बिजनेस लोन पर जोखिम वेट 125 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया है, जिससे बैंकों को राहत मिलेगी। छोटे बैंकों को हो रहे नुकसान को देखते हुए इस नियम में बदलाव से इन्हें फायदा मिल सकता है। देश में बढ़ती आर्थिक असमानता की तरफ पूर्व में चेतावनी मिल चुकी है। 12 अप्रैल 2024 को पेरिस स्थित शोध संगठन वर्ल्ड इनइक्वेलिटी लैब की ओर जारी एक शोधपत्र में बताया गया था कि देश के शीर्ष एक फीसद तबके की आमदनी और संपत्ति में हिस्सेदारी अपनी ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गई है और यह दुनिया में सबसे ज्यादा है। शोधपत्र के निष्कर्षों में कहा गया है कि साल 2023 तक सबसे अमीर एक फीसद भारतीयों के पास देश की आय का 22.6 फीसद और संपत्ति का 40 फीसद हिस्सा था। इनकम ऐंड वेल्थ इनइक्वेलिटी इन इंडिया, 1922-2023 द राइज ऑफ बिल्यनेर राज शीर्षक वाले शोधपत्र के अनुसार आजादी के बाद से 1980 के दशक की शुरुआत तक गैर-बराबरी में कमी आई थी लेकिन इसके बाद इसमें बढ़ोतरी शुरू हो गई और 2000 के दशक की शुरुआत में यह बहुत तेज गति से बढ़ी।

देश के शीर्ष एक फीसद लोगों ने 2022-23 में औसतन 53 लाख रुपए कमाए, जो औसत भारतीय की आय से 23 गुना अधिक है जिसने 2.3 लाख रुपए की आय सृजित की। देश के निचले पायदान के 50 फीसद और बीच के 40 फीसद लोगों की औसत आय क्रमश 71, 000 रु. (राष्ट्रीय औसत का 0.3 फीसद) और 1,65,000 रु. (राष्ट्रीय औसत का 0.7 फीसद) रही सबसे अमीर 9,223 लोगों (9.2 करोड़ वयस्क भारतीयों में से) ने औसतन 48 करोड़ रुपए कमाए (औसत भारतीय आय से 2,069 गुना)। भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के बाद निजी उद्यम में वृद्धि और पूंजी बाजार की वृद्धि ने शीर्ष के कुछ ही लोगों के हाथों में संपत्ति का सिमटना बढ़ाया है। उदारीकरण के बाद से सेवा की अगुआई में हुई आर्थिक वृद्धि के भी असमानताकारी असर हुए। इस पूरे हालात से साफ है कि भारत की खपत ग्रोथ संतुलित नहीं है। एक तरफ जहां अमीर और अमीर हो रहे हैं, वहीं गरीब और गरीब जिसके लिए आने वाले समय में सरकार को बड़े कदम उठाने होंगे जिससे आर्थिक असमानता कम हो सके।

**- योगेन्द्र योगी**
**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

# समावेशी समाज : परंपरा व आज की सच्चाई

भारतीय परंपराओं और रीति-रिवाजों ने हमेशा समावेशिता के महत्व पर जोर दिया है। संयुक्त परिवार प्रणाली, एक समावेशी समाज का एक सूक्ष्म जगत है, जहां लिंग की परवाह किए बिना प्रत्येक सदस्य की भूमिका होती है। नवरात्रि जैसे त्यौहार दिव्य स्त्री का जश्न मनाते हैं, जबकि करवा चौथ और तीज जैसे अनुष्ठान पुरुषों और महिलाओं के बीच आपसी सम्मान और साझेदारी को उजागर करते हैं। ग्रामीण भारत में, महिलाएं पारंपरिक रूप से कृषि से लेकर हस्तशिल्प तक ज्ञान की संरक्षक रही हैं। स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) आंदोलन, जो एक जमीनी स्तर की पहल के रूप में शुरू हुआ, ने लाखों महिलाओं को उद्यमी और निर्णय लेने वाले बनने के लिए सशक्त बनाया है। इस पारंपरिक समावेशिता को आधुनिक प्रथाओं में समेकित रूप से एकीकृत किया गया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि महिलाएं सामाजिक प्रगति के केंद्र में बनी रहें। भारत में प्राचीन काल से लेकर आधुनिक युग तक, महिलाएं बौद्धिक, राजनीतिक और सामाजिक आंदोलनों में सबसे आगे रही हैं। लीलावती = एक प्रसिद्ध गणितज्ञ, बीजगणित और अंकगणित में लीलावती का योगदान भास्कराचार्य के काम, लीलावती गणतम में अमर है। उनकी विरासत प्राचीन भारत की बौद्धिक समावेशिता का एक उदाहरण है।

अहिल्याबाई होल्कर : मालवा की रानी, अहिल्याबाई, एक दूरदर्शी शासक थीं, जिन्होंने सामाजिक कल्याण, बुनियादी ढांचे के विकास और धार्मिक सहिष्णुता का समर्थन किया।

उनका शासनकाल समावेशी शासन का एक चमकदार उदाहरण है। रानी लक्ष्मीबाई = झांसी की निडर रानी, रानी लक्ष्मीबाई साहस का प्रतीक हैं। ब्रिटिश शासन के खिलाफ 1857 के विद्रोह के दौरान उनका नेतृत्व भारत की नियति को आकार देने में महिलाओं द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है। ये ऐतिहासिक आंकड़े भारतीय समाज के समावेशी लोकाचार का उदाहरण हैं, जहां महिलाएं नेता, विद्वान और चेंजमेकर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक समावेशी समाज का जश्न- लिंग विभाजन के मिथकों को तोडना अनिवार्य है। जैसा कि दुनिया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाती है, एक समावेशी समाज के सार पर प्रतिबिंबित करना अनिवार्य है, जहां पुरुष और महिलाएं सह-अस्तित्व, सहयोग

***इस वर्ष का यह विषय सभी के लिए समान अधिकार, शक्ति और अवसर प्रदान करने तथा एक समावेशी भविष्य के लिए कार्य करने का आह्वान करता है जहां कोई भी पीछे न छूटे। इस दृष्टिकोण का मुख्य लक्ष्य अगली पीढ़ी यानी युवाओं, विशेष रूप से युवा महिलाओं और किशोरियों को स्थायी परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में सशक्त बनाना है।***

और एक साथ पनपते हैं। उदारवादी पारिस्थितिकी तंत्र अक्सर लिंग विभाजन की एक कथा का झूठे प्रचार करता है, अधिप्रचार उन समस्त सूचनाओं को कहते हैं जो कोई व्यक्ति या संस्था किसी बड़े जन समुदाय की राय और व्यवहार को प्रभावित करने के लिये संचारित करती है। समाजों को स्वाभाविक रूप से पितृसत्तात्मक और दमनकारी के रूप में चित्रित करता है। हालांकि, इतिहास, प्राचीन शास्त्रों और समकालीन प्रथाओं पर करीब से नजर डालने से एक अलग सच्चाई सामने आती है = समावेशिता सभ्यताओं की आधारशिला रही है, खासकर भारत में। भारतीय शास्त्रों ने हमेशा दिव्य स्त्री का जश्न मनाया है, मर्दाना और स्त्री ऊर्जा के बीच संतुलन पर जोर दिया है। महिषासुर मर्दिनी स्तोत्रम, देवी दुर्गा को समर्पित एक भजन, इस समावेशिता का उदाहरण है। कविता 'अयि गिरिनन्दिनि नन्दितमेदिनि विश्वविनोदिनि नन्दिनुते' (अयी गिरिनंदिनी नंदितामेदिनी विश्वविनोदिनी नंदीनुते) देवी की स्तुति करती है जो दुनिया में खुशी लाती है और लिंग के बावजूद सभी प्राणियों का उत्थान करती है। यह भजन लौकिक संतुलन और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने में स्त्री शक्ति के महत्व को रेखांकित करता है। इसी तरह, वेद और उपनिषद महिला विद्वानों और द्रष्टाओं के संदर्भों से भरे हुए हैं।

गार्गी, मैत्रेयी और लोपामुद्रा जैसी महिलाओं को न केवल उनकी बुद्धिमत्ता के लिए सम्मानित किया गया, बल्कि दार्शनिक और आध्यात्मिक प्रवचन को आकार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऋग्वेद में विश्ववर, अपाला और रोमाशा जैसी महिलाओं का उल्लेख है जिन्होंने भजनों की रचना की और समाज की आध्यात्मिक और बौद्धिक संपदा में योगदान दिया। अर्धनारीश्वर की अवधारणा, जहां शिव और शक्ति को एक के रूप में चित्रित किया गया है, मर्दाना और स्त्री ऊर्जा की अविभाज्य प्रकृति का प्रतीक है। यह प्राचीन दर्शन इस विचार को पुष्ट करता है कि समावेशिता एक आधुनिक आदर्श नहीं है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना में सन्निहित एक कालातीत सत्य है। प्राचीन ग्रंथों में महिलाओं की श्रद्धा से लेकर आधुनिक भारत के सशक्तिकरण की पहल तक, समावेशिता की कथा हमारे सांस्कृतिक और सामाजिक ताने-बाने में गहराई से निहित है। इस लेख का उद्देश्य प्राचीन शास्त्रों, ऐतिहासिक रोल मॉडल और समकालीन पहलों द्वारा समर्थित भारतीय समाज के समावेशी लोकाचार को उजागर करके लिंग विभाजन के नकली प्रचार को खत्म करना है। यह वैश्विक समाजों से समानताएं भी खींचता है ताकि इस बात पर जोर दिया जा सके कि समावेशिता एक आधुनिक निर्माण नहीं बल्कि एक कालातीत परंपरा है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 का विषय है- 'सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, समानता सशक्तिकरण।' इस वर्ष का यह विषय सभी के लिए समान अधिकार, शक्ति और अवसर प्रदान करने तथा एक समावेशी भविष्य के लिए कार्य करने का आह्वान करता है जहां कोई भी पीछे न छूटे। इस दृष्टिकोण का मुख्य लक्ष्य अगली पीढ़ी यानी युवाओं, विशेष रूप से युवा महिलाओं और किशोरियों को स्थायी परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में सशक्त बनाना है। वर्ष 2025 एक महत्वपूर्ण क्षण है क्योंकि यह बीजिंग घोषणापत्र और कार्रवाई मंच की 30वीं वर्षगांठ है। खासकर भारत में सरकार विभिन्न नीतियों, योजनाओं और विधायी उपायों के माध्यम से समावेशी समाज और समावेशी लोकाचार की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रही है। देश महिला विकास की ओर परिवर्तन का गवाह बन रहा है।

**-डा. अमरीक सिंह ठाकुर**
**शिक्षाविद**

# राशिफल

**फाल्गुन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
कलह से बचें। भौतिक सुख संपदा में वृद्धि होगी। भूमि, भवन और वाहन की खरीदारी संभव है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य नरम गरम रहेगा। प्रेम, संतान का भी भरपूर सहयोग नहीं मिलेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
जुबान पर नियंत्रण रखें और जुआ, सट्टा, लॉटरी में पैसे न लगाएं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
हर कार्यों के प्रति सकारात्मक रुख अपनाएंगे। ऊर्जा में बढ़ोतरी होगी। जरूरत के हिसाब से वस्तुएं जीवन में होंगी।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
मन परेशान रहेगा। सिर दर्द, नेत्र पीड़ा संभव है। प्रेम, संतान अच्छा है। व्यापार अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने स्रोत से भी पैसे आएंगे। यात्रा का योग बनेगा। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
कोर्ट कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा का योग बनेगा। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान, व्यापार अच्छा रहेगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट चपेट लग सकती है। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान मध्यम।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
शत्रुओं पर दबदबा कायम रहेगा लेकिन डिस्टरबेंस बना रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम संतान मध्यम।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भावुक मन से लिया गया निर्णय नुकसान करेगा। अभी महत्वपूर्ण निर्णय रोक कर रखें। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें।

# भाकियू (बलराज) का होली मिलन आज





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन (बलराज) संगठन द्वारा आज राष्ट्रीय कार्यालय, कैंप कार्यालय कैमराला में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी, एवं विशिष्ट अतिथि महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा सिवाल होगी।

इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हातम सिंह भाटी ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कैम्प कार्यालय पहुंच रहे हैं।

यह जानकारी संगठन के गौतम बुद्ध नगर जिला अध्यक्ष, योगेश वैष्णव ने दी। उन्होंने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय कैंप कार्यालय में यह कार्यक्रम धूमधाम से होगा, जिसमें सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

योगेश ने कहा कि होली भाईचारे को मजबूत करने वाला पर्व है और सभी से अपील की कि होली मेला समारोह को सौहार्द और आपसी प्रेम के साथ मनाएँ।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की मासिक बैठक संपन्न



**दादरी ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, दादरी ब्लॉक कार्यकारिणी की मासिक बैठक का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय, रुपवास में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला संरक्षक अशोक शर्मा ने की।

बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र कुमार भाटी एवं मंत्री वेदप्रकाश गौतम ने शिक्षकों की प्रमुख समस्याओं पर चर्चा की। इनमें मानव संपदा पोर्टल पर शुद्धिकरण, प्रोन्नति, चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान, सरकारी एवं राज्य कर्मचारियों की भांति कैशलेस स्वास्थ्य बीमा, पुरानी पेंशन बहाली, 15 मार्च का होली अवकाश एवं उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में शिक्षकों की ड्यूटी के मानदेय जैसी महत्वपूर्ण मांगें शामिल रहीं।

बैठक में जिला मंत्री गजन भाटी ने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि होली के बाद इन समस्याओं के निवारण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। वहीं, जिला संरक्षक अशोक शर्मा ने संगठन के महत्व एवं प्रदेश स्तर पर संघ द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने एचआरए विसंगति को दूर करने हेतु वित्त सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार से मुलाकात कर समाधान कराने का आश्वासन भी दिया।

इस अवसर पर जिला संरक्षक अशोक शर्मा, जिला मंत्री गजन भाटी, ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र कुमार भाटी, ब्लॉक मंत्री वेदप्रकाश गौतम, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष कपिल नागर, जिला उपाध्यक्ष मृदुला शुक्ला, ब्लॉक उपाध्यक्ष रामगोपाल, लेख अहमद, मनोज नागर, जिला उपाध्यक्ष मो. असलम, सतीश नगर, कुलदीप नगर, सुरेश नागर, ब्लॉक संगठन मंत्री वेदप्रकाश गौर, जिला प्रचार मंत्री जावेद, ब्लॉक प्रचार मंत्री जितेंद्र कुमार, नरेश तेवतिया, सतीश कुमार, ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेंद्र नागर, ब्लॉक उपाध्यक्ष जगवीर शर्मा सहित कई पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।



भदोही जिलाधिकारी विशाल सिंह को प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित करते वरिष्ठ अधिवक्ता एवं साहित्यकार कृष्णावतार त्रिपाठी ( राही ) साथ में हैं लोक गायक राजेश परदेशी।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com




# अस्पताल संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** कैलाशपुर गाँव के दलित समाज की बहू कोमल और उसके गर्भस्थ शिशु की गत 3 जनवरी को, कृष्णा हॉस्पिटल, दादरी के डॉक्टरों की लापरवाही के कारण मृत्यु हो गई थी। इस मामले की जाँच मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नोएडा द्वारा गठित टीम कर रही थी, जिसमें अस्पताल को दोषी पाया गया। इसके तहत, कृष्णा हॉस्पिटल, दादरी का लाइसेंस और पंजीकरण निरस्त करने का निर्णय लिया गया। अब पुलिस प्रशासन ने डॉ. राजीव और अस्पताल के अन्य स्टाफ के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी गयी है।



## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!



## होली विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

होली त्यौहार–2025 के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों से तिथिवार संचालन निम्नानुसार है:–

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 12.03.2025 (बुधवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन। |
| 09004 | दिल्ली जं. | 13:05 | मुंबई सेन्ट्रल | 13:30 | दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाडी जं., अलवर, बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिंडवाड़ा, आबू रोड, पालनपुर जं., महेसाणा जं., साबरमती बीजी, वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी और बोरीवली स्टेशन। |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र जं., अंबाला कैंट, ढंडारी कलां, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन। |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, हाथीदह जं., लक्खीसराय जं., किउल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. और सुल्तानगंज स्टेशन। |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर और आरा स्टेशन। |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर और पटना जं. स्टेशन। |
| 04072 | नई दिल्ली | 14:45 | कटिहार जं. | 14:00 | दिल्ली जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगू सराय, खगड़िया और मानसी स्टेशन |
| 04076 | नई दिल्ली | 19:15 | कामाख्या जं. | 08:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूच बिहार, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू बोंगाईगांव, बारपेटा रोड और रंगिया जं स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, बगहा, नरकटियागंज जंक्शन, रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जंक्शन, सकरी जंक्शन, झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी स्टेशन। |
| 05306 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जंक्शन, गोंडा जंक्शन, मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जंक्शन और सीवान जंक्शन स्टेशन। |
| 04074 | आनन्द विहार (ट.) | 19:00 | जोगबनी | 23:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया जं. और फारबिसगंज जं. स्टेशन |
| **दिनांक 13.03.2025 (बृहस्पतिवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04024 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ, रायबरेली जंक्शन और मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन स्टेशन। |
| 04026 | दिल्ली जं. | 23:05 | रक्सौल जं. | 19:00 | गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जंक्शन, गोरखपुर और नरकटियागंज जंक्शन स्टेशन। |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन। |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन। |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | गया जं | 01:50 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम और डेहरी–ऑन–सोन स्टेशन। |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जं. | 22:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर , जं., समस्तीपुर जं., दलसिंहसराय, बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं. और मानसी जंक्शन स्टेशन। |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर और आरा स्टेशन। |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर और पटना जं. स्टेशन। |
| 04078 | नई दिल्ली | 14:45 | कटिहार जं. | 14:00 | दिल्ली जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगू सराय, खगड़िया और मानसी स्टेशन |
| 04084 | नई दिल्ली | 19:15 | कामाख्या जं. | 08:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूच बिहार, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू बोंगाईगांव, बारपेटा रोड और रंगिया जं स्टेशन |
| 04014 | आनन्द विहार (ट.) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, मां बेल्हा देवी धाम, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर पाटलिपुत्र, हाजीपुर जंक्शन, मुजफ्फरपुर जंक्शन, समस्तीपुर जंक्शन, दरभंगा जंक्शन और मधुबनी स्टेशन |
| 04028 | आनन्द विहार (ट.) | 23:55 | जोगबनी | 03:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया, अररिया और फोर्बसगंज स्टेशन। |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, बगहा, नरकटियागंज जंक्शन, रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जंक्शन, सकरी जंक्शन, झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी स्टेशन। |
| 05114 | आनन्द विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा जंक्शन, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, पडरौना, तमकुही रोड, थावे जंक्शन, दिघवा दुबौली, मशरख और छपरा कचहरी स्टेशन। |
| 03012 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा | 03:00 | टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान और बैंडेल स्टेशन। |
| 01708 | आनन्द विहार (ट.) | 18:05 | जबलपुर जं. | 10:00 | गाजियाबाद, अलीगढ़ जंक्शन, टूंडला जंक्शन, इटावा जंक्शन, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जंक्शन, शंकरगढ़, मानिकपुर जंक्शन, सतना, मैहर और कटनी स्टेशन। |
| 04080 | आनन्द विहार (ट.) | 19:00 | जोगबनी | 23:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया जं. और फारबिसगंज जं. स्टेशन |
| 08761 | हज़रत निज़्ज़ामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 13:50 | मथुरा जंक्शन, आगरा कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), सागर, दमोह, कटनी मुरवारा, उमरिया, शहडोल, अनुपपुर जंक्शन, पेंड्रा रोड, उसलापुर और रायपुर जंक्शन स्टेशन। |
| **दिनांक 14.03.2025 (शुक्रवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04012 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज, रक्सौल, बैरगनिया, सीतामढी और जनकपुर रोड स्टेशन। |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती और खलीलाबाद स्टेशन। |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन। |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टुंडला जं., इटावा, गोविंदपुरी और फ़तेहपुर स्टेशन। |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, गोंडा जं. और बस्ती स्टेशन। |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा स्टेशन। |
| 04070 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं. एवं बिहार शरीफ जं. स्टेशन। |
| 04018 | आनन्द विहार (ट.) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., सगौली जं. और बापूधाम मोतिहारी स्टेशन। |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | सीतामढ़ी | 02:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी जं., औंड़िहार, गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं. और मुजफ्फरपुर जं. स्टेशन। |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन। |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, बगहा, नरकटियागंज जंक्शन, रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जंक्शन, सकरी जंक्शन, झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी स्टेशन। |
| 05204 | आनन्द विहार (ट.) | 09:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 05:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जंक्शन और हाजीपुर जंक्शन स्टेशन। |
| 07708 | हज़रत निज़्ज़ामुद्दीन | 03:15 | चर्लपल्ली | 09:30 | आगरा कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), बीना जंक्शन, रानी कमलापति (भोपाल), नागपुर, चंद्रपुर महाराष्ट्र, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचेरियल रामागुंडम और काजीपेट जं. स्टेशन. |
| 02982 | हज़रत निज़्ज़ामुद्दीन | 06:00 | सोगरिया | 13:10 | मथुरा जंक्शन, भरतपुर जंक्शन, बयाना जंक्शन, हिण्डौन सिटी, गंगापुर सिटी और सवाई माधोपुर स्टेशन। |

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

खास खबर

## थर्मैक्स केमिकल ने ओसीक्यू के साथ संयुक्त उद्यम बनाया

**नई दिल्ली।** थर्मैक्स लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी थर्मैक्स केमिकल सॉल्यूशंस ने ब्राजील की केमिकल कंपनी ओस्वाल्डो क्रूज क्यूमिका इंडस्ट्रिया ई कॉमर्सियो लिमिटेड (ओसीक्यू) के साथ एक विशेष शेयरधारक समझौता किया है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। समझौते के अनुसार, थर्मैक्स नई इकाई में 51 प्रतिशत की बहुलांश हिस्सेदारी रखेगी, जबकि ओसीक्यू के पास बाकी 49 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। कंपनी ने कहा कि संयुक्त उद्यम थर्मैक्स के मौजूदा संसाधनों, बुनियादी ढांचे और ग्राहक आधार का उपयोग करके ओसीक्यू द्वारा तैयार सामग्री का विनिर्माण, व्यापार, विपणन और बिक्री करेगा। गुजरात में थर्मैक्स के झगड़िया संयंत्र में ऐक्रेलिक रेजिन के साथ उत्पादन शुरू होगा। थर्मैक्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ आशीष भंडारी ने कहा कि ओसीक्यू अपने क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी है।

## सरकार ने उड़द शुल्क मुक्त आयात मार्च 2026 तक बढ़ाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने उड़द के शुल्क मुक्त आयात को 31 मार्च, 2026 तक एक और साल के लिए बढ़ा दिया है। एक सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। पहले यह प्रावधान इस साल मार्च तक था। म्यामां भारत को उड़द का मुख्य निर्यातक देश है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि इस कदम से घरेलू बाजारों में दलहन कीमतों को स्थिर करने में मदद मिलेगी। चालू वित्त वर्ष में उड़द का आयात अप्रैल-नवंबर के दौरान 60.11 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा। इसमें 54.9 करोड़ डॉलर का आयात म्यामां से किया गया। भारत, म्यामां के अलावा सिंगापुर, थाईलैंड और ब्राजील से उड़द का आयात करता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा उड़द उत्पादक और उपभोक्ता है।

## इंडसइंड बैंक का शेयर 23 फीसदी टूटा

**नई दिल्ली।** इंडसइंड बैंक के शेयर में मंगलवार को सुबह के कारोबार में 23 फीसदी की गिरावट आई। लगातार पांचवें दिन गिरावट के साथ इंडसइंड बैंक का शेयर 52 सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गया। निजी क्षेत्र के बैंक ने अपने वायदा-विकल्प पोर्टफोलियो में कुछ विसंगतियों की सूचना दी थी, जिसके चलते यह गिरावट हुई। बीएसई पर इंडसइंड बैंक का शेयर 22.8 फीसदी गिरकर 695.25 रुपये प्रति शेयर के निचले सर्किट पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर कंपनी का शेयर 21.67 फीसदी गिरकर 705.35 रुपये प्रति शेयर के 52 सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गया। इंडसइंड बैंक ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया था कि उसके वायदा-विकल्प पोर्टफोलियो से संबंधित प्रक्रियाओं की आंतरिक समीक्षा के दौरान, उसने कुछ विसंगतियां पाईं।

## अक्टूबर-दिसंबर में जापान की अर्थव्यवस्था 2.2 फीसदी दर से बढ़ी

**टोक्यो।** जापान ने वर्ष 2024 की अंतिम तिमाही अक्टूबर-दिसंबर में आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 2.8 प्रतिशत से घटाकर 2.2 प्रतिशत वार्षिक कर दिया है। जापान के मंत्रिमंडल कार्यालय ने कहा कि उपभोक्ता खर्च में कमी से मांग प्रभावित हुई। सरकार का कहना है कि अर्थव्यवस्था में सामान्य सुधार हो रहा है। तिमाही आधार पर मौसमी रूप से समायोजित वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद 0.6 प्रतिशत बढ़ा। पहले इसके 0.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान था। समीक्षाधीन अवधि में निजी मांग में 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई।

## एक्स प्लेटफॉर्म पर साइबर हमला, यूजरों को हुई परेशानी

**वाशिंगटन।** सोमवार को एक्स प्लेटफॉर्म पर एक बड़ा साइबर हमला हुआ, जिससे यूजरों को सर्च करने में परेशानी हो रही थी। साइबर अटैक के चलते एक्स की सारी सेवाएं ठप हो गई थीं। एलन मस्क ने यह घटना सार्वजनिक कर दी और समस्या का सुदृढ़ विमर्श किया। यूजरों ने सोशल मीडिया पर अपनी चिंता जाहिर की, कहा क्या एक्स डाउन है और ऐसा लगा कि कोई एक्स की सफलता चाहता नहीं। सोशल मीडिया पर उनकी शिकायतें दर्ज की गईं।

देश को 15 से 20 वर्षों में

# 30 हजार पायलटों की होगी जरूरत : राममोहन नायडू

- प्रशिक्षण विमान पायलट विकास की रीढ़ हैं
- अधिकारी 38 उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) के विभिन्न पहलुओं का सत्यापन कर रहे और इन संगठनों की रेटिंग की जाएगी
- मंत्रालय विमानन उद्योग के लिए सामूहिक दृष्टिकोण के साथ काम कर रहा है
- बुढ़वा महादेव में भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है



एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने मंगलवार को कहा कि भारत को अगले 15 से 20 साल में 30 हजार पायलट की जरूरत होगी। इसकी वजह घरेलू एयरलाइनों ने अपने नेटवर्क का विस्तार करने के लिए 1,700 से ज्यादा विमानों का ऑर्डर देना है, जबकि वर्तमान में 800 से अधिक विमान हैं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने एयरो क्लब ऑफ इंडिया और शक्ति एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज के बीच 200 प्रशिक्षक विमानों के ऑर्डर के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। नायडू ने कहा कि फिलहाल 6,000 से 7 हजार पायलट काम कर रहे हैं। देश को अगले 15 से 20 साल में 30 हजार पायलटों की आवश्यकता होगी। राममोहन नायडू ने कहा कि एयरो क्लब ऑफ इंडिया और शक्ति एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के अवसर पर मुख्य अतिथि बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि अधिकारी 38 उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) के विभिन्न पहलुओं का सत्यापन कर रहे हैं और इन संगठनों की रेटिंग की जाएगी। उन्होंने भारत को प्रशिक्षण केंद्र बनाने की वकालत की। उन्होंने कहा कि मंत्रालय विमानन उद्योग के लिए सामूहिक दृष्टिकोण के साथ काम कर रहा है। केंद्रीय मंत्री के मुताबिक हवाई अड्डों को वर्गीकृत करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिसमें कार्गो और उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) के लिए अलग हवाई अड्डे बनाये जाने की संभावना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक सहयोग भारत के एफटीओ को स्वदेशी रूप से निर्मित प्रशिक्षक विमान प्रदान करेगा, जिससे आयात निर्भरता कम होगी और हमारा विमानन प्रशिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण विमान पायलट विकास की रीढ़ हैं, ये पहल भारत में कुशल पायलटों की अगली पीढ़ी को सशक्त बनाने में एक गेम-चेंजर साबित होगी। इस अवसर पर विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह और एयरो क्लब ऑफ इंडिया के अध्यक्ष राजीव प्रताप रूडी और शक्ति एविएशन के अध्यक्ष डॉ. एम. मणिकम भी मौजूद रहे। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है।

## एलन मस्क की संपत्ति में भारी गिरावट

**वाशिंगटन।** दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क की कुल संपत्ति 301 अरब डॉलर हो गई है। हालांकि, उनकी नेटवर्थ में सोमवार को 29 अरब डॉलर की भारी गिरावट दर्ज की गई। इस साल की शुरूआत से अब तक उनकी संपत्ति में 132 अरब डॉलर की गिरावट आ चुकी है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार दिसंबर 2024 में उनकी कुल संपत्ति 486 अरब डॉलर के शिखर पर थी, लेकिन सोमवार को ही उनकी नेटवर्थ में 29 अरब डॉलर की भारी गिरावट आई। मस्क की संपत्ति में आई गिरावट का मुख्य कारण टेस्ला के शेयरों में गिरावट, निवेशकों की चिंता और प्रमुख बाजारों में बिक्री में कमी को माना जा रहा है। हालांकि, वे अकेले नहीं हैं जो इस वित्तीय संकट का सामना कर रहे हैं। अमेजान प्रमुख जेफ बेजोस, अल्फावेट के पूर्व प्रेसिडेंट सर्गेई ब्रिन, मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग और एलवीएमएच के सीईओ बर्नार्ड अरनॉल्ट सहित कई अरबपतियों की संपत्ति घटी है। इन अरबपतियों ने डॉनल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद से अब तक 209 अरब डॉलर गंवा दिए हैं।

## उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने बिहार में तीन नए बैंकिंग आउटलेट खोले

- वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करता है जो निवासियों और उद्यमियों को वित्तीय बचत, व्यवसाय विकास और निवेश में सहायता करते हैं

एजेंसी

**बिहार।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने हथौड़ी (मुजफ्फरपुर), महेश खुंट (खगड़िया) और बोधगया (गया), बिहार में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। इन लॉन्च के साथ, बैंक के अब बिहार में 264 और देश भर में 1076 बैंकिंग आउटलेट हैं। हथौड़ी, महेश खुंट और बोधगया के निवासियों को बचत खाते, चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा सहित बैंकिंग उत्पादों के व्यापक सूट से लाभ होगा। बैंक विभिन्न ऋण उत्पाद भी प्रदान करता है, जैसे आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के खिलाफ ऋण, ऋण, बीमा और निवेश उत्पाद। बैंक का बुनियादी ढांचा, डिजिटल बैंकिंग क्षमताएं और एटीएम नेटवर्क एक सहज बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करते हैं। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ गोविंद सिंह ने कहा, हथौड़ी, महेश खुंट और बोधगया में हमारे नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन बिहार में वित्तीय समावेशन के लिए हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है, जो गहरी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जड़ों वाला राज्य है। बोधगया, एक विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित तीर्थ स्थल है, जो गौतम बुद्ध के ज्ञान प्राप्ति के स्थान के रूप में अत्यधिक आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व रखता है। इन क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति का विस्तार करके, हमारा लक्ष्य परंपरा को आधुनिक बैंकिंग के साथ एकीकृत करना है, जिससे बिहार की प्रगति को आगे बढ़ाने वाले समुदायों के लिए वित्तीय पहुँच और आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित हो सके।

## बेहतरीन प्रदर्शन व गेमिंग एक्सपीरियंस के लिए आईकू ने अपना आईकू नियो 10 आर किया लांच




**रांची।** हाई-परफॉरमेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने आज अपने नए पावरहाउस - आईकू नियो 10आर के लॉन्च की घोषणा की। नए मानक स्थापित करते हुए, आईकू नियो 10आर कॉलेज के छात्रों, तकनीक के प्रति उत्साही और युवा गेमर्स के लिए बनाया गया है। स्मार्टफोन में नवीनतम स्नैपड्रैगन 8s जनरेशन 3 मोबाइल प्लेटफॉर्म, अल्ट्रा-स्मूथ स्टेबल 90FPS, गेमिंग के लिए 144Hz रिफ्रेश रेट और सेगमेंट की सबसे स्लिम 6400mAh बैटरी सहित मॉडर्न फेसिलिटीस उपलब्ध हैं। आईकू नियो 10R की कीमत 8+128 GB वैरिएंट के लिए INR 26,999 (नेट इफेक्टिव कीमतः INR 24,999) है, 8+256 वैरिएंट के लिए क्ष्फ 28,999 (नेट इफेक्टिव कीमतः INR 26,999) और 12+256 वैरिएंट के लिए INR 30,999 (नेट इफेक्टिव कीमतः INR 28,999) है। यह दो कलर आप्शन में उपलब्ध होगाः रेजिंग ब्लू और मूननाइट टाइटेनियम। इसके अलावा, आईकू नियो 10R अभी प्री-बुकिंग के लिए उपलब्ध है और 19 मार्च को दोपहर 12 बजे आईकू ई-स्टोर और Amazon.in पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा।

## श्रिया पिलगांवकर की अगली भूमिका आपको चौंका देगी



**मुंबई।** 2016 में शाहरुख खान के साथ फैन में बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली श्रिया पिलगांवकर ने इंडस्ट्री में एक प्रभावशाली रास्ता बनाया है। निर्देशक मनीष शर्मा द्वारा 750 लड़कियों के ऑडिशन से चुनी गई, उन्होंने जल्द ही अपनी पहचान बना ली, एमी-नॉमिनेटेड मिर्जापुर, ब्रिटिश सीरीज बीचम हाउस, गिल्टी माइंड्स, ब्रोकन न्यूज और ताजा खबर जैसी परियोजनाओं में अपने अभिनय के लिए प्रशंसा अर्जित की। अब उनकी यात्रा पूरी हो गई है क्योंकि वह एक रोमांचक नई परियोजना के लिए यशराज फिल्म्स में लौट आई हैं। सोशल मीडिया पर श्रिया द्वारा साझा की गई हाल ही में पर्दे के पीछे की एक तस्वीर ने प्रशंसकों के बीच अटकलों की लहर पैदा कर दी, जिन्होंने उनके हाथ में यशराज फिल्म्स की स्क्रिप्ट देखी। प्रोडक्शन से जुड़े एक करीबी सूत्र के अनुसार, श्रिया बिल्कुल नए अवतार में नजर आएंगी, जो रोमांच को और बढ़ा देगा। इस प्रोजेक्ट में कथित तौर पर वाणी कपूर, सुरवीन चावला और गुल्लक फेम वैभव राज गुप्ता भी हैं।

## आईएलएंडएफएस इनविट-रोडस्टार इंफ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट एनएसई पर सूचीबद्ध

**रांची।** इंफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज (आईएलएंडएफएस) ने रोडस्टार इंफ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट इनविट (आरआईआईटी) इकाइयों को एक लिस्टिंग समारोह में एनएसई पर सूचीबद्ध किया। इसमें आईएलएंडएफएस समूह के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नंद किशोर; अध्यक्ष डॉ जे एन सिंह, और रोडस्टार इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स लिमिटेड (आरआईएमएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डैनी सैमुअल और नए बोर्ड के कई सदस्य उपस्थित थे। आरआईआईटी की लिस्टिंग इनविट के वितरण के बाद हुई है



- जिसमें 6 अंतर्निहित सड़क संपत्तियां हैं। इसका उद्यम मूल्यांकन 8,592 करोड़ रुपये है, इस प्रकार आईएलएंडएफएस समूह की ऋण समाधान के लिए विविध वित्तीय साधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने की क्षमता को रेखांकित करता है। रोडस्टार इन्फ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट के पास अपने प्रोजेक्ट एसपीवी के माध्यम से अपने पोर्टफोलियो के तहत 6 सड़क परिसंपत्तियां हैं, जिनकी कुल लंबाई 685.16 किलोमीटर है, जो भारत के 6 राज्यों में स्थित हैं जिसमें मुरादाबाद बरेली एक्सप्रेसवे लिमिटेड (एमबीईएल), सीकर बीकानेर हाईवे लिमिटेड (एसबीएचएल), पुणे शोलापुर रोड डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (पीएसआरडीसीएल), बरवा अड्डा एक्सप्रेसवे लिमिटेड (बीएईएल), तिरुवनंतपुरम रोड डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (टीआरडीसीएल) और हजारीबाग रांची एक्सप्रेसवे लिमिटेड (एचआरईएल) शामिल है। इस महत्वपूर्ण इनविट लिस्टिंग के साथ, आईएलएंडएफएस ने अपने ऋण समाधान की यात्रा में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है, जिसकी पहचान हाल ही में अपने लेनदारों को 5,000 करोड़ रुपये के अंतरिम वितरण के पूरा होने से हुई है।

## हिंदुस्तान जिंक ने सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के साथ समझौता किया

**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने 530 मेगावाट तक हरित बिजली की आपूर्ति के लिए सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के साथ समझौता किया है। इस बिजली आपूर्ति समझौते (पीडीए) के साथ हिंदुस्तान जिंक की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 450 मेगावाट से बढ़कर 530 मेगावाट हो जाएगी। इसके साथ ही कंपनी की कुल बिजली जरूरत में हरित ऊर्जा का योगदान 70 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। हिंदुस्तान जिंक ने शेयर बाजार को बताया कि यह अपनी तरह का पहला चौबीसों घंटे चलने वाला नवीकरणीय ऊर्जा पीडीए है, जो हर 15 मिनट में न्यूनतम 315 मेगावाट निर्बाध बिजली आपूर्ति की गारंटी देता है।

## नेक्सा आईफा अवॉर्ड्स 2025 ने भारतीय सिनेमा के बेस्ट टैलेंट्स को दिया सम्मान

एजेंसी

**जयपुर।** भारतीय सिनेमा के लिए यह एक बड़ा मौका था, जब इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी (आईफा) वीकेंड और अवॉर्ड्स ने अपने 25 साल पूरे होने का जश्न मनाया। राजस्थान की शाही राजधानी जयपुर की शानदार विरासत और रॉयल सेटअप के बीच, आईफा की यह सिल्वर जुबली एडिशन अब तक का सबसे ग्रैंड सेलिब्रेशन बना। यह सिर्फ एक अवॉर्ड शो नहीं था, बल्कि भारतीय सिनेमा की शानदार स्टोरीटेलिंग, आर्ट और इनोवेशन का धमाकेदार ट्रिब्यूट भी था। दुनिया भर से टॉप फिल्ममेकर्स,



सुपरस्टार्स और इंडस्ट्री के बड़े नाम इस ग्रैंड इवेंट का हिस्सा बने। नेक्सा पेश करता है आईफा अवॉर्ड्स 2025, जिसे को-प्रेजेंट किया शोभा रियल्टी ने। यहाँ बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्शन, बेस्ट लीडिंग रोल (मेल व फीमेल), बेस्ट सपोर्टिंग रोल (मेल व फीमेल), बेस्ट निगेटिव रोल, बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर और बेस्ट प्लेबैक सिंगर (मेल व फीमेल) जैसी कई कैटेगरीज में जबरदस्त कॉम्पिटिशन देखने को मिली। आईफा का हिस्सा बनने पर करीना कपूर खान ने कहा, \"कई सालों बाद आईफा के मंच पर लौटकर मैं बहुत उत्साहित थी, और इससे बेहतर मौका और क्या हो सकता था कि मैं इसकी सिल्वर जुबली एडिशन का हिस्सा बनूँ। एक तरह से, आईफा की यात्रा और मेरी सिनेमा यात्रा साथ-साथ चली है, हमने एक साथ 25 साल पूरे किए हैं।

## चंचल चिकारा बने रालोद प्रोफेशनल मंच के राष्ट्रीय सचिव

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के प्रोफेशनल मंच ने चंचल चिकारा (सी.ए.) को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष, रालोद प्रोफेशनल मंच एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रवि कांत चड्ढा द्वारा की गई है। इस नियुक्ति को कौशल विकास एवं शिक्षा मंत्री, भारत सरकार, चौ. जयंत चौधरी ने मंजूरी दी है।

चंचल चिकारा ने अपनी नियुक्ति पर खुशी जताते हुए कहा कि वह पार्टी हाईकमान के आभारी हैं, जिन्होंने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि वह पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ. अजित सिंह की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

उन्होंने रालोद अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौ. जयंत चौधरी का समर्थन करने की प्रतिबद्धता जाहिर की और आम जनता से राष्ट्रीय लोक दल में सक्रिय रूप से शामिल होने की अपील की।



## पृष्ठ एक के शेष....

**बदमाशों ने 3 लोगों...**

थाना सेक्टर-58 पुलिस ने बताया कि बीती रात को प्रियांशु सैनी पुत्र जितेंद्र कुमार सैनी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 10 मार्च की रात को वह सेक्टर 55 के पास से गुजर रहे थे, तभी मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने उनका कीमती मोबाइल फोन लूट लिया है।

**सेक्टर-71 में प्राधिकरण...**

उन्होंने नाली खडंजा साफ सफाई विद्युत यांत्रिकी की तथा अन्य समस्याओं का निरीक्षण किया। उनके साथ क सर्किल-पांच के वरिष्ठ प्रबंधक पारसनाथ सोनकर जन स्वास्थ्य विभाग खंड एक के वरिष्ठ प्रबंधक व प्रभारी गौरव बंसल विद्युत एवं यंत्रिकी की विभाग के राजीव यादव समेत कई अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ के निर्देश पर स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा विभिन्न सेक्टरों तथा गांव का दौरा करके समस्याओं का निरीक्षण किया जा रहा है यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**संभल मस्जिद में...**

जिसपर एएसआई ने कहा था कि मस्जिद की रंगाई-पुताई की अभी जरूरत नहीं है, साफ-सफाई कराई जा सकती है। हालांकि, अब कोर्ट ने मस्जिद कमेटी को जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई की अनुमति दे दी है। साथ में हिदायत भी दी है।

हाईकोर्ट ने एएसआई को एक हफ्ते के भीतर मस्जिद की रंगाई-पुताई कराने का आदेश दिया है। फैसले के साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि है रंगाई-पुताई केवल मस्जिद के बाहरी हिस्सों में होगी।

**होली पर नई परंपरा...**

जिला अस्पतालों और 108 एंबुलेंस सेवाओं को अलर्ट पर रखा जाएगा। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी।

व्यापारियों की सुरक्षा बाजार और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के पास पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी और व्यापारियों के साथ गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी।

डीजीपी ने निर्देश दिए कि पुलिस नियंत्रण कक्ष और इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम पूरी तरह सतर्क रहें ताकि किसी भी अप्रिय घटना पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने अधिकारियों से धार्मिक संगठनों और समाज के प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ बैठकें करने और शांतिपूर्ण त्योहार संपन्न कराने के लिए रणनीति बनाने को कहा।

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने होली और रमजान दोनों को ध्यान में रखते हुए समुचित प्रबंध किए हैं ताकि राज्य में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे।

**मोबाइल व चेन स्नेचर..**

साइकिल मोडकर भागने का प्रयास करने लगे। जिसमें मोटर साइकिल डिस्बेलेंस होकर गिर गयी। बदमाशों ने आप को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर फायर कर भागने लगे। पुलिस टीम की जवाबी कार्यवाही में एक शकील के पैर में गोली लगने के कारण घायल हो गया। जबकि दूसरे बदमाश फरीद पुत्र मटरू खान को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया।

**समाजसेवी महेश सक्सेना...**

की सुरक्षा बढ़ाने के लिए दो-स्तरीय सत्यापन सक्रिय करें।

गौरतलब है कि हाल के दिनों में साइबर अपराधियों की गतिविधियां बढ़ गई हैं। वे व्हाट्सएप और मोबाइल नंबर हैक कर लोगों को ठगने के प्रयास कर रहे हैं। आम जनता को सावधान रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की सलाह दी गई है।



बलिया से समाजवादी पार्टी के सांसद सनातन पांडे से भेंट करते अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा साथ में है डी एन तिवारी व समाजसेवी कपिल शर्मा व अन्य।

**खास खबर**

### चैम्पियंस ट्रॉफी के साथ स्वदेश पहुंची भारतीय टीम

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के साथ स्वदेश पहुंच गयी है। कप्तान रोहित सहित पूरी टीम सोमवार की रात को मुंबई पहुंची। अब टीम के खिलाड़ी 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले एक सप्ताह आराम करेंगे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी ने कहा, ह्यअधिकतर खिलाड़ी और उनके परिवार वाले लौट गये हैं हालांकि कुछ खिलाड़ी ऐसे भी हैं जो कुछ दिनों के लिए वहां रुक गए हैं। दो महीने तक चलने वाले आईपीएल के कारण खिलाड़ियों ने आरम मांगा था जो उन्हें दिया जा रहा है। इसी कारण अभी बीसीसीआई किसी तरह का सम्मान समारोह आयोजित नहीं करेगी।

मुख्य कोच गौतम गंभीर और तेज गेंदबाज हर्षित राणा सोमवार रात दिल्ली पहुंचे। भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती। आठ टीमों के टूर्नामेंट में भारत एकमात्र ऐसी टीम थी जो सभी मुकाबले जीती।

### रोनाल्डो के गोल से अल नासर एएफसी चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

**रियाद ।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल से मिली जीत के साथ ही सऊदी अरब के अल नासर क्लब ने एएफसी चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश है। अल नासर ने ईरान के क्लब एस्टेघलाल को 3-0 से हराया। रोनाल्डो ने इस मैच के 26वें मिनट में पेनल्टी पर गोल दागा था। अल नासर की तरफ से उनके अलावा झोन डुरान ने दो गोल किए। रोनाल्डो पिछ्ले सप्ताह पहले पहले चरण के मुकाबले में भी गोल नहीं कर पाए थे पर इस मैच में वह सफल रहे। पिछ्ली बार पहले चरण के मैच में कोई टीम गोल नहीं कर पायी थी और इस तरह से अल नासर ने 3झ0 के कुल अंतर से जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। वहीं कतर के अल साद ने क्लब ने संयुक्त अरब अमीरात के अल वास्ल को 4-2 की से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी है।

### वरुण को मिलना चाहिये था प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अवार्ड : अश्विन

**मुम्बई ।** भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में 9 विकेट लेने वाले वरुण चक्रवर्ती को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट दिया जाना चाहिये था पर ये अवार्ड उपविजेता रही न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र को दे दिया गया। अश्विन ने कहा कि मैच विजेता होने के बाद भी वरुण को उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज नहीं चुना गया हैरानी की बात है। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम की जीत में वरुण की अहम भूमिका रही है। अश्विन ने कहा, जो भी कहा जाए मेरे हिसाब से प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट वरुण चक्रवर्ती थे। उन्होंने पूरा टूर्नामेंट नहीं खेला पर उन्होंने बहुत बड़ा अंतर पैदा किया। अगर वरुण नहीं होते, तो फाइनल मैच बहुत अलग होता। उन्होंने एक्स-फैक्टर जोड़ा। अगर मैं जज होता, तो मैं यह अवॉर्ड वरुण को देता। वो सबसे बड़ा अंतर थे। अश्विन, वरुण की उस गेंद से खासे प्रभावित हुए जिस पर उन्होंने ग्लेन फिलिप्स को आउट किया। उन्होंने कहा, फिलिप्स स्टंप्स कवर नहीं कर रहे थे, इसलिए वरुण क्रीज से बाहर गए और गुगली डाली। अश्विन ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 251 रनों पर रोकने के लिए भारतीय गेंदबाजों को सराहा। अश्विन ने कहा, मैं कप्तान रोहित शर्मा और कोच गौतम गंभीर के लिए बहुत खुश हूं। उल्लेखनीय रूप से, इस भारतीय टीम ने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना चैंपियंस ट्रॉफी जीती।

### वरुण चक्रवर्ती ने सोशल मीडिया के जरिये पाक क्रिकेटर को दिया करारा जवाब

**मुम्बई ।** भारतीय टीम के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने अब सोशल मीडिया पोस्ट से पाकिस्तानी क्रिकेटर अबरार अहमद को करारा जवाब दिया है। इसमें वरुण हाथ में कप लेकर चाय पी रहे हैं। वहीं उनके दूसरे साथ में चैंपियंस ट्रॉफी है। इसके साथ उन्होंने लिखा ।

# झारखंड की झोली में आये 02 स्वर्ण 01 रजत व 01 कांस्य पदक

- 20वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप से अप्रैल में सऊदी अरबिया में आयोजित



**रांची ।** भारतीय एथलेटिक संघ, नई दिल्ली एवं बिहार एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वाधान में 10 से 12 मार्च 2025 को स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पटना में आयोजित 20वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बालक अंडर 18 आयु वर्ग 110 मीटर हर्डल्स में 14.42 सेकेंड का समय के साथ बोकारो चंदनक्यारी आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के साजिद ने रजत पदक जीत राज्य का नाम रौशन किया। वहीं तमिलनाडु के नावेद बी सैयद सबीर ने 14.35 से. का समय लेकर स्वर्ण एवम फसालूल , केरल ने 14.42 से. का समय के साथ कांस्य पदक जीता।ज्ञात हो बोकारो चंदनक्यारी आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र का राष्ट्रीय स्तर पर पहला व्यक्तिगत रजत पदक है। वहीं साईं रांची के विनीत उरांव लंबीकूद,शिल्पा कुमारी, एवं रांची की बबली कुमारी जेवलिन थ्रो के फाइनल में पहुंची। इस उपलब्धि पर झारखंड एथलेटिक्स संघ प्लानिंग कमिटी के चेयरमैन डॉ मधुकांत पाठक , झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सी.डी. सिंह, सचिव शिव कुमार पांडेय, आशीष झा, आलोक मिश्रा, किरण रानी नायक, बंधन टोप्पो,प्रभाकर वर्मा,सिकंदर महतो, साईं एथलेटिक्स कोच विनोद सिंह, संजय त्रिपाठी,अजय नायक, चंदन क्यारी आवासीय सेंटर के कोच आशु भाटिया, टीम मैनेजर प्रेम महतो,रविन्द्र मुर्मू, अजीत कुमार साहू, दशरथ महतो, रणवीर सिंह, कुमार , पुष्पा हस्सा, मनोज कॉन्बेगी,आनंद मेंजज,सरोज यादव, अनिल कुमार, राकेश कुमार,गंगाधर यादव,अनवर हुसैन,अशोक भट्टाचार्य , कोच शैलेश कुमार, प्रभात रंजन,बरुण कोच योगेश यादव राज्य के खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

## राज्य कराटे चैंपियनशिप खिलाड़ियों का चयन शुरू



**रांची ।** रांची के संत जोसेफ क्लब में आयोजित झारखंड इंटर स्कूल और कॉलेज कराटे चैंपियनशिप के लिए रांची के खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। रांची के विभिन्न क्लबो एवं स्कूलों में कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया जा रहा है। शिविर के पहले दिन बरियातू क्लब में खिलाड़ियों का चयन किया गया। कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राईबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमिश्न के चेरमैन सह इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि रांची के विभिन्न क्लबों एवं कॉलेज स्कूलों में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर खिलाड़ियों का चयन किया जा रहा है ।

### लावण्या ने हीरो डब्ल्यूपीजीटी के छठे चरण में बढ़त बनाई

**गुरुग्राम ।** डेब्यू सीजन खेल रही लावण्या जादोन ने हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के छठे चरण के पहले राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-अंडर 70 का स्कोर किया और एक शॉट की बढ़त हासिल कर ली। डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब के गैरी प्लेयर डिजाइन कोर्स पर खेले जा रहे इस टूनामेंट में लावण्या ने पांच बर्डी और तीन बोगी खेलीं। हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर चल रहीं स्नेहा सिंह ने शानदार शुरूआत की थी और वह 13 होल के बाद 4-अंडर पर थीं। हालांकि, 14वें से 17वें होल तक लगातार चार बोगी करने के कारण उनका स्कोर गिर गया। 18वें होल पर बर्डी लगाने से उन्होंने 1-अंडर 71 का स्कोर किया और वह अन्वी दहिया के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। अन्वी दहिया, जो एक उभरती हुई अमेचर खिलाड़ी हैं ।

## आईपीएल 2025: लखनऊ सुपर जायंट्स को झटका, पहले हाफ में नहीं खेल पाएंगे मयंक यादव

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल 2025 के पहले चरण से बाहर हो गए हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो के अनुसार, मयंक फिलहाल लम्बर स्ट्रेस इंजरी (पीठ की चोट) से उबर रहे हैं और उन्होंने बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गेंदबाजी अभ्यास फिर से शुरू किया है। वह पिछ्ले साल अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के बाद चोटिल हो गए थे और तब से रिहैब प्रक्रिया में हैं। बीसीसीआई ने अभी तक उनकी वापसी की कोई निश्चित तारीख तय नहीं की है। हालांकि, अगर वह सभी फिटनेस मानकों को पूरा करते हैं और अपनी गेंदबाजी का वर्कलोड बढ़ा पाते हैं, तो वह आईपीएल के दूसरे चरण में खेल सकते हैं। मयंक की गैरमौजूदगी लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए बड़ा झटका है, जिन्होंने उन्हें आईपीएल 2025 की नीलामी से पहले 11 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। यह मयंक के लिए वित्तीय रूप से बड़ी छलांग थी, क्योंकि आईपीएल 2024 में उन्हें महज 20 लाख रुपये में बतौर अनकैप्ड तेज गेंदबाज खरीदा गया था। मयंक की इतनी ऊंची कीमत का मुख्य कारण उनकी तेज गति से गेंदबाजी करने की क्षमता है। वह लगातार 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं ।



**चोटों के कारण न्यूजीलैंड महिला टीम को बड़ा झटका**

## श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज से तीन खिलाड़ी बाहर

एजेंसी

**वेलिंगटन ।** न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम को आगामी तीन मैचों की टी-20 सीरीज से पहले बड़ा झटका लगा है। विकेटकीपर इसाबेला गेज, तेज गेंदबाज हेले जेन्सन और बल्लेबाज बेला जेम्स चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर हो गई हैं। इनकी जगह विकेटकीपर-बल्लेबाज पॉली इंग्लिस, बाएं हाथ की तेज गेंदबाज ब्री इलिंग और ऑलराउंडर फ्लोरा डेवोनशायर को टीम में शामिल किया गया है। श्रीलंका महिला टीम इन दिनों न्यूजीलैंड दौरे पर है, जहां वह वनडे और टी-20 सीरीज खेल रही है। न्यूजीलैंड ने पहले ही वनडे सीरीज को 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया था। वनडे सीरीज में पॉली इंग्लिस और ब्री इलिंग ने डेब्यू किया था, जबकि फ्लोरा डेवोनशायर को अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का मौका नहीं मिला है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड के मुताबिक, हेले जेन्सन और बेला जेम्स पहले ही वनडे सीरीज से बाहर हो चुकी थीं और अब तक फिट नहीं हो पाई हैं। टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने एक बयान में कहा, हम सभी इसाबेला, हेले और बेला के लिए दुखी हैं। यह टीम और खिलाड़ियों के लिए निराशाजनक है, लेकिन हम जानते हैं कि ये तीनों मजबूती से वापसी करेंगी। बेन सॉयर ने पॉली इंग्लिस और ब्री इलिंग की वनडे सीरीज में प्रभावशाली शुरूआत की तारीफ की। उन्होंने कहा, ह्दोनों ने बेहतरीन इरादे और खेल की शानदार समझ दिखाई। मुझे भरोसा है कि वे टी-20 में भी अच्छा प्रदर्शन करेंगी। फ्लोरा डेवोनशायर घरेलू स्तर पर बेहतरीन ऑलराउंडर साबित हुई हैं और हमारी टीम के लिए ।



## चंडीगढ़ में महाराष्ट्र का जारी रहा पदको का सिलसिला




एजेंसी

**चंडीगढ़ ।** चंडीगढ़ में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सेवा योगासन खेल प्रतियोगिता 2024-25 में महाराष्ट्र सरकार की टीम ने सफलता की अपनी परंपरा जारी रखी। इस योग प्रतियोगिता में 24 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सामिल हुऐ थे इस योग प्रतियोगिता में 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विभिन्न आयु समूहों के लगभग 400 एथलीटों ने भाग लिया था । महाराष्ट्र टीम को 5 स्वर्ण पदक, 7 रजत पदक, 6 कांस्य पदक मिला है । महाराष्ट्र टीम के दूसरे स्थान के प्रदर्शन को हर तरफ से प्रशंसा और शुभकामनाएं मिल रही हैं।

## चुनौतियों से जूझते भारतीय शटलरों के

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए इस बार का ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप बेहद कठिन साबित हो सकता है। चोटों, फिटनेस समस्याओं और खराब फॉर्म के कारण भारतीय शटलरों को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। प्रकाश पादुकोण (1980) और पुलेला गोपीचंद (2001) की ऐतिहासिक जीत के बाद से अब तक कोई भी भारतीय खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित खिताब को नहीं जीत पाया है। हालांकि, पीवी सिंधु, साइना नेहवाल और किदांबी श्रीकांत जैसे दिग्गजों ने विश्व स्तर पर कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन ऑल इंग्लैंड ओपन का ताज अब भी भारतीयों की पहुंच से दूर बना हुआ है। चोटों और खराब फॉर्म ने बढ़ाई मुश्किलें । इस साल भारतीय



बैडमिंटन खिलाड़ियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पी. वी. सिंधु चोट से उबरकर वापसी कर रही हैं। एच. एस. प्रणय चिकनगुनिया के कारण लय में नहीं हैं। लक्ष्य सेन खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी हाल ही में अपने पिता को खोने के बाद मानसिक रूप से कठिन दौर से गुजर रहे हैं। सिंधु दो बार की ओलंपिक पदक विजेता हैं, लेकिन हमस्ट्रिंग इंजरी के कारण पिछ्ले महीने एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप से बाहर हो गई थीं। अब वह पूरी तरह से फिट हैं और कोरियाई खिलाड़ी गा उन किम के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेंगी। दूसरे दौर में उनका मुकाबला चीन की हान यूए से हो सकता है, जबकि क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का तुंजुंग बड़ी चुनौती पेश कर सकती हैं।

**लक्ष्य सेन के लिए कठिन ड्रा**

**लक्ष्य** सेन, जो पिछ्ले साल सेमीफाइनल तक पहुंचे थे, इस बार खराब फॉर्म में हैं। 23 वर्षीय लक्ष्य जापान के कोकी वतनबे के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेंगे। अगर वह यह मुकाबला जीतते हैं, तो दूसरे दौर में इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से भिड़ सकते हैं।एच. एस. प्रणय, जो वर्ल्ड नंबर 30 पर फिसल चुके हैं, पहले दौर में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से भिड़ेंगे।

## झारखंड के खिलाड़ियों ने जीते 11 गोल्ड 11 सिल्वर और 09 ब्रॉन्ज मेडल



**रांची ।** झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन के तरफ से इस बार 11 गोल्ड 11 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर झारखंड के खिलाड़ियों ने बेंगलुरु में 45 मास्टर एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा नेशनल गेम में शानदार प्रदर्शन करते हुए इस बार सबसे अधिक मेडल जीत कर इस साल झारखंड को अधिक मेडल प्राप्त हुए,सभी मेडल विजेताओं को बहुत-बहुत बधाई और हमारे जितने भी खिलाड़ी बेंगलुरु गए थे सभी खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई टीम मैनेजर के, के ,ठाकुर भैया,संजय राय, राजेंद्र महतो, प्रेसिडेंट राजकुमार बाल्मीकि भैया , और हमारे गुरु जी जवाहर झा सर और अशोक महतो सर जी को बहुत बहुत बधाई आप लोग के चलते यह टीम बहुत अच्छा प्रदर्शन कर के लौट रहे हैं, बेंगलुरु में इस बार अधिक से अधिक खिलाड़ियों ने मेडल जीते सभी खिलाड़ियों को झारखंड मास्टर एथलीट के सचिव श्री लक्ष्मण राम के द्वारा सभी को बहुत-बहुत बधाई ।

## हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के खिताबी मुकाबले में हरियाणा और झारखंड आमने-सामने

एजेंसी

**पंचकूला ।** हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला 12 मार्च को शाम पंचकूला के ताऊ देवी लाल हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां गत विजेता हॉकी हरियाणा की टीम हॉकी झारखंड से भिड़ेगी।

**हरियाणा की शानदार फॉर्म, सेमीफाइनल में दिखाया दम**

**गत** विजेता हॉकी हरियाणा ने टूर्नामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है और चार मैचों में सिर्फ एक गोल ही गंवाया है। उन्होंने अपने



अभियान की शुरूआत हॉकी कर्नाटक को 5-1 से हराकर की थी, इसके बाद हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा पर 3-0 की जीत दर्ज की। क्वार्टर फाइनल में हॉकी पंजाब के खिलाफ 1-0 से करीबी जीत के बाद सेमीफाइनल में हरियाणा की टीम ने हॉकी मिजोरम को 4-0 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई। कप्तान रानी अब तक टूर्नामेंट में तीन गोल कर चुकी हैं और टीम को खिताब बचाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। झारखंड की संघर्षपूर्ण राह, सेमीफाइनल में शूटआउट से फाइनल में पहुंची । हॉकी झारखंड ने भी दमदार शुरूआत की थी और पहले मुकाबले में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु को 9-2 से हराकर धमाकेदार एंट्री की। इसके बाद उन्होंने हॉकी मिजोरम और हॉकी मध्य प्रदेश को 3-1 से हराया।

### तेज गेंदबाज मयंक आईपीएल के पहले चरण से बाहर हुए

**मुम्बई ।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज तेज गेंदबाज मयंक यादव चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के पहले चरण के मुकाबलों से बाहर हो गये हैं। मयंक जैसे तूफानी गेंदबाज का बाहर होना सुपर जायंट्स के लिए बड़ा झटका है। मयंक अभी बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हैं। मयंक को पिछ्ले साल अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में चोट लगी थी वही अब उबर गयी है। लखनऊ ने मयंक को 11 करोड़ रुपए में बरकरार रखा था। सुपर जायंट्स ऋषभ पंत की कप्तानी में 24 मार्च को विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपना पहला मुकाबला खेलेगी।

## राष्ट्रमंडल खेल महासंघ ने बदला नाम, अब कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के रूप में पहचाना जाएगा

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन- सीजीएफ) ने सोमवार को अपने नाम में बदलाव करते हुए इसे कॉमनवेल्थ स्पोर्ट करने की घोषणा की। यह बदलाव संगठन को एक खेल महासंघ से एक खेल आंदोलन में परिवर्तित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह घोषणा राष्ट्रमंडल दिवस (10 मार्च) के अवसर पर की गई। महासंघ की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, राष्ट्रमंडल दिवस 2025 से, राष्ट्रमंडल खेल महासंघ को



'कॉमनवेल्थ स्पोर्ट' के रूप में जाना जाएगा। यह नया नाम संगठन के खेल महासंघ से एक खेल आंदोलन बनने के सफर को दर्शाता है। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) केटी सैडलियर ने कहा, 'कॉमनवेल्थ स्पोर्ट' नाम हमारे उद्देश्य को और मजबूत और एकीकृत तरीके से प्रस्तुत करता है, जिससे हमारी पहचान अधिक प्रभावशाली और व्यापक होगी। हालांकि, कानूनी तौर पर संगठन का नाम कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन बना रहेगा।

**किंग चार्ल्स ने किया किंग्स बैटन रिले का शुभारंभ**

**इस** बीच, कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के संरक्षक किंग चार्ल्स ने सोमवार को बकिंघम पैलेस में ग्लास्गो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए ह्यकॉमनवेल्थ स्पोर्ट किंग्स बैटन रिले का आधिकारिक शुभारंभ किया। उन्होंने राष्ट्रमंडल के लिए अपना संदेश पहले बैटन में रखा ।

# एशियन चैंपियंस लीग अल नास्र ने एस्तेगलाल को 3-0 से हराया



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** रियाद के अल अव्वल स्टेडियम में खेले गए एशियन चैंपियंस लीग के एलीट राउंड ऑफ 16 के दूसरे चरण में अल नास्र ने एस्तेगलाल को 3-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले में टीम के नए खिलाड़ी झॉन डुरान ने दो गोल किए, जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पेनल्टी के जरिए स्कोर किया। पहले चरण के गोलरहित ड्रॉ के बाद, सऊदी प्रो लीग क्लब ने कुल 3-0 के एग्रीगेट स्कोर से क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। अल नास्र ने शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया और झॉन डुरान, रोनाल्डो और सादियो माने की तिकड़ी ने शुरूआती गोल के लिए दबाव बनाया। पहला गोल एस्तेगलाल के गोलकीपर होसैन होसैनी की गलती से आया, जब उनका गलत पास सीधे डुरान के पास पहुंच गया। डुरान ने डिफेंडर को पछाड़ते हुए शानदार चिप शॉट से गेंद को नेट में डाल दिया। 30वें मिनट से पहले ही अल नास्र ने अपनी बढ़त को दोगुना कर लिया। रोनाल्डो ने एस्तेगलाल के बॉक्स में एक भटके हुए पास का पीछा किया और बैकहील पास से गेंद माने के लिए सेट की, जिन्हें डिफेंडर ने गिरा दिया। कप्तान रोनाल्डो ने पेनल्टी को पैनेंका स्टाइल में नेट के बीचोंबीच डालते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। पहले हाफ के अंतिम क्षणों में एस्तेगलाल के मेहरान अहमदी को रेड कार्ड दिखाया गया, जिससे उनकी टीम को दूसरे हाफ में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।दूसरे हाफ में मेजबान टीम ने कई मौके बनाए और तेज पासिंग के जरिए तीसरे गोल की तलाश की। आखिरकार, 84वें मिनट में डुरान ने काउंटर अटैक पर शानदार शॉट लगाते हुए गेंद को बाएं कोने में डालकर अपनी टीम की जीत को पक्का किया। भले ही एस्तेगलाल ने कुछ मौकों पर वापसी की कोशिश की, लेकिन अल नास्र ने मुकाबले को आसानी से अपने नाम कर लिया और एशियन चैंपियंस लीग के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली।



लंदन में प्रिमियर लीग फुटबॉल में खेलती हुई वेस्ट हेम और न्यूकासल युनाइटेड की टीमें।

# वास्तु शास्त्र में कई पेड़-पौधों को माना गया है बहुत शुभ



हिंदू घरों में तुलसी का पौधा मुख्य रूप से पाया जाता है। इसके साथ ही ज्योतिष शास्त्र और वास्तु शास्त्र में कई पेड़-पौधों को बहुत शुभ माना गया है। इन पौधे को घर में रखने से जीवन में ग्रह-नक्षत्रों का शुभ प्रभाव मिलता है। आइए जानते हैं इन पेड़-पौधों का महत्व...

### मनी प्लांट



मनी प्लांट घर में होना अच्छा माना जाता है। जैसे कि इसके नाम से पता चलता है कि यह पौधा धन संबंधित समस्याओं को समाप्त करता है। ऐसा माना जाता है कि जैसे-जैसे यह पौधा बढ़ता है, वैसे-वैसे धन भी बढ़ने लगता है। ज्योतिष में इस पौधे का संबंध भौतिक सुख-सुविधाओं के स्वामी शुक्र ग्रह से माना गया है इसलिए मनी प्लांट घर में सौभाग्य को बढ़ाता है और जीवन में नई ऊर्जा का संचार करता है।

### केले का पेड़



ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, यदि गुरुवार के दिन घर में केले का पेड़ लगाया जाए तो, इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। साथ ही सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, केले के पेड़ में भगवान विष्णु का वास माना गया है। साथ ही गुरुवार के दिन इस पौधे की पूजा करना बहुत ही शुभ माना जाता है। इसलिए तुलसी के साथ-साथ घर में केले का भी पौधा लगाएं। केले को हमेशा घर के मुख्य द्वार पर दाईं तरफ और तुलसी को हमेशा घर के मुख्य द्वार पर बाएं तरफ लगाना चाहिए।

### तुलसी का धार्मिक महत्व



तुलसी की महिमा इतनी है कि इसका एक पत्ता भी श्राद्ध और यज्ञ आदि में बड़ा पुण्य देता है। भगवान विष्णु जी को तुलसी अति प्रिय है। तुलसी के पौधे में मां लक्ष्मी का वास माना गया है। जिस घर में प्रतिदिन तुलसी की पूजा की जाती है उस घर में हमेशा सुख और समृद्धि बनी रहती है साथ ही आर्थिक परेशानियां और नकारात्मक ऊर्जा दूर रहती है।

### शमी का पौधा



ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, घर में तुलसी के साथ शमी का पौधा लगाना शुभ माना गया है। शमी के पौधे का सीधा संबंध शनिदेव से माना जाता है, यही कारण है कि शमी के पौधे की शनिवार के दिन पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शमी के पौधे की पूजा-अर्चना करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। इसलिए तुलसी के साथ शमी के पौधे को भी घर में लगाना चाहिए।

# बालों की मसाज के घरेलू नुस्खे



बारिश का मौसम आ चुका है। इस समय में जरूरी होता है अपने बालों का ख्याल रखने की जरूरत होती है, क्योंकि बालों कमजोर हो जाते हैं और बहुत ज्यादा टूटते हैं। अगर समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया तो ये समस्या दिन-ब- दिन बढ़ती जाती है और कई सारे लोग तो गंजेपन का शिकार हो जाते हैं। अगर आपके बाल भी झड़ रहे हों और आप किसी घरेलू नुस्खे की तलाश कर रहे हैं तो ये नुस्खे आपकी मदद कर सकते हैं। इससे कोई साइड इफेक्ट नहीं होगा और बालों के झड़ने की समस्या में भी राहत मिलेगी। जानें ये घरेलू उपाय क्या है और किस तरह से इन्हें इस्तेमाल करें....

### आंवला भी असरदार

सेहत के अलावा बालों के झड़ने की समस्या को रोकने के लिए आंवला काफी असरदार है। ये ना केवल बालों की ग्रोथ करता है बल्कि बालों को मजबूती भी देता है। इसके लिए बस आर आंवले के पाउडर में शिकाकई और रीठा डालकर उसका पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को बालों पर लगाएं और सूखने तक रहने दें। इसके बाद बालों को पानी से धो लें।

### मेथी असरदार

मेथी भी हेयर फॉलो को कंट्रोल करने में बहुत असरदार है। मेथी में मौजूद एंची ऑक्सीडेंट होते हैं जो कि बालों के विकास को बढ़ाने में मददगार हैं। इसके लिए आप मेथी के दानों को पानी में भिगो दें। अगले दिन मेथी के दानों को ग्राइंड कर लें। इसमें एक चम्मच नींबू का रस और नारियल तेल मिलाएं। इस पेस्ट को बालों की जड़ों पर लगाएं। इसे सूखने तक बालों पर लगाएं रहें। इसके बाद पानी से धो लें।

### प्याज का रस

प्याज का रस भी हेयर फॉल कंट्रोल करने में कारगर है। इसके लिए बस प्याज को पीस कर उसका रस निकाल लें। इसे बालों की जड़ों में लगाकर मसाज करें। करीब आधे घंटे बाद पानी से धो लें। ऐसा करने से आपको आराम मिलेगा।

# सुबह उठकर पिएं तुलसी की चाय

हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे को बहुत पवित्र माना जाता है और इसकी पूजा की जाती है। तुलसी का पौधा औषधीय गुणों से भरपूर है। इसमें विटामिन ए, सी, कैल्शियम, जिंक, आयरन, फाइबर जैसे तत्व होते हैं, साथ ही इसमें बैक्टीरियल, एंटी फंगल और एंटीमाइक्रोबियल गुण भी मौजूद होते हैं। तुलसी का धार्मिक तरह से तो कई महत्व हैं, लेकिन चाय के रूप में भी ये काफी फायदेमंद होती है। तुलसी की चाय में हीलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं। अगर पर रेगूलर दूध वाली चाय छोड़कर तुलसी की चाय पीते हो तो आपको कई सारी स्वास्थ्य समस्याओं से राहत मिलेगी। आइए आपको बताते हैं इसके बारे में...

### सांस लेने में दिक्कत

तुलसी की चाय पीने से सांस से जुड़ी समस्याओं में आराम मिलता है। फिर वो चाहे खांसी, जुकाम हो या फिर अस्थमा। इसके साथ ही तुलसी की चाय इम्यूनिटी सिस्टम को भी मजबूत करती है। वहीं तुलसी के पत्तों में खास तरह का ऑयल होता है जो जुकाम की वजह से होने वाले जकड़न को भी खत्म करता है।

### तनाव को करती है दूर

कई सारी स्टडीज में खुलासा हुआ है कि तुलसी की चाय स्ट्रेस को दूर करने में मदद करती है। तुलसी की चाय कार्टिसोल हार्मोन स्ट्रेस को बढ़ावा देने में मदद करता है, इसलिए इसे स्ट्रेस हार्मोन भी कहते हैं। यहीं नहीं तुलसी की चाय पीने से स्ट्रेस फ्री होने के साथ ही डिप्रेशन और एंजायटी में भी राहत मिलती है।



### डायबिटीज

अगर आपके बॉडी में ब्लड शुगर लेवल ऊपर- नीचे होता रहता है तो रोज दूध वाली चाय पीने की बजाय तुलसी की चाय पीना शुरू कर दें। ये शुगर को ब्लड में एनर्जी की तरह इस्तेमाल करने में मदद करती है।

### मुंह से बदबू और दांतों की सड़न होने पर

अगर आप बैड breath और मसूड़ों में सूजन, दांतों में कैविटी जैसी समस्या से परेशान हैं तो तुलसी की चाय पिएं। ये मुंह के बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है, जिससे मुंह की बदबू दूर होती है।

# उम्र के मुताबिक छोटी है बच्चे की हाइट तो उसे रोजाना कराएं एक्सरसाइज

बच्चों की हाइट ना बढ़ना पेरेंट्स के लिए चिंता का विषय है। लंबाई का बढ़ना काफी हद तक जींस पर निर्भर करता है। अगर पेरेंट्स लंबे हैं तो बच्चों की लंबाई भी अच्छी होती है। हालांकि, आजकल बच्चे शारीरिक रूप से कम एक्टिव हो गए हैं, वहीं हेल्दी खाने-पीने से दूर भागते हैं और अनहेल्दी फूड्स को बड़े चाव से खाते। जिसकी वजह से कहीं ना कहीं शारीरिक ग्रोथ पर असर हो रहा है। अगर उम्र के मुताबिक बच्चों की हाइट नहीं बढ़ रही है तो आप उनके रूटीन में इन 5 एक्सराइज को शामिल करें। नियमित तौर पर इन एक्सरसाइज को करने से बच्चे की लंबाई 1 से 2 इंच बढ़ सकती है।



- **रस्सी कूदना-** हाई बढ़ाने के लिए रस्सी कूदना एक अच्छी एक्सरसाइज है। जब कोई व्यक्ति स्किपिंग करता है तो शरीर पूरी तरह से खिंचता है, इसलिए यह बच्चे में हाइट को बढ़ावा देता है। यह एक अद्भुत कार्डियो वर्कआउट भी है, ये बच्चे को फिट और एक्टिव रखेगा।
- **स्विमिंग-** स्विमिंग एक और हेल्दी एक्सरसाइज है, जो आपके बच्चे को एक्टिव रहने में मदद करती है। स्विमिंग एक फुल बॉडी एक्सरसाइज है जो शरीर की सभी मांसपेशियों पर बहुत प्रभाव डालता है। लंबे समय तक तैरने से आपके बच्चे को एक्स्ट्रा फैट कम करने में मदद मिल सकती है, जिससे बच्चे को हेल्दी रहने में भी मदद मिलेगी। आप चाहें तो डेली अपने बच्चों को स्विमिंग करने की आदत डालें। इससे ना सिर्फ मांसपेशियों को मजबूती मिलती है, बल्कि पोस्चर में सुधार होता है।
- **जॉगिंग-** ये भी एक बेहतरीन एक्सरसाइज है, जो बच्चों-बड़ों सभी के लिए भी फायदेमंद है। जॉगिंग से पैर की हड्डियां मजबूत होती हैं और ग्रोथ हार्मोन बढ़ती है, जो शरीर में किसी भी विकास के लिए जरूरी होती है। बच्चों के लिए इस इंटरेस्टिंग बनाने के लिए आप उनके साथ ये जॉगिंग करें।
- **योग मुद्राएं-** बच्चों के लिए योग करना भी उनके शारीरिक और मानसिक सेहत के लिए बेस्ट है। कुछ योग आसन आपके बच्चे को लंबा करने में फायदेमंद होते हैं। बच्चों के साथ आप शुरुआत में ट्री पोज, कोब्रा पोज करना सिखाएं। वहीं सूर्य नमस्कार भी पूरे शरीर को काम करने के लिए प्रेरित करता है।
- **लटकना-** लटकने से रीढ़ की हड्डी को लम्बा करने में भी मदद मिलती है। आप अपने बच्चे को नियमित रूप से लटकने के अलावा पुल-अप्स और चिन-अप्स करने के लिए भी प्रोत्साहित कर सकते हैं।

# थकान मिटाने के साथ याददाश्त भी बढ़ाती है झपकी

अनुसंधान से पता चलता है कि झपकी के कई फायदे हैं। छोटी-सी झपकी से मानसिक स्वास्थ्य और याददाश्त के साथ ही मुस्तैदी, ध्यान और प्रतिक्रिया देने के समय में भी सुधार आता है। इसका संबंध उत्पादकता और रचनात्मकता से भी है। चूंकि झपकी से रचनात्मक सोच में सुधार आता दिखायी देता है इसलिए कुछ कंपनियों ने अपने कार्य स्थल पर झपकी लेने के लिए कमरे बनाकर इसका फायदा उठाने का प्रयास किया है। ऐसा कहा जाता है कि मस्तिष्क झपकी के वक्त का इस्तेमाल दिनभर में एकत्रित सूचना को संसाधित करने के लिए करता है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि समस्याओं को हल करने की क्षमता बढ़ती है। एक छोटे-से अध्ययन से यह पता चलता है कि जो लोग झपकी लेते हैं वे कम चिड़चिड़े होते हैं तथा उन्हें कम गुस्सा आता है जिससे काम करते वक्त बेहतर फोकस बनता है और दक्षता बढ़ती है।

दोपहर में झपकी लेना दुनियाभर में सदियों से चला आ रहा एक रिवाज है। कुछ लोग इसे विलासिता भोग के रूप में देखते हैं जबकि अन्य इसे मुस्तैद तथा तंदरुस्त बने रहने के तरीके के रूप में देखते हैं, लेकिन झपकी के फायदे के साथ-साथ नुकसान भी हो सकते हैं। हाल ही में किए गए प्रशिक्षण में नींद के सभी पहलू शामिल थे, खासतौर से सोते वक्त सांस लेने में दिक्कत और नींद से जुड़े गतिशीलता संबंधी विकार। हालांकि दोपहर के वक्त 20 से 30 मिनट की झपकी असंख्य तरीकों से भी फायदेमंद हो सकती है।



### झपकी से तनाव भी कम हो सकता है

एक अध्ययन से पता चलता है कि करीब 20 मिनट की झपकी से इसमें भाग लेने वाले लोगों के मूड में सुधार आया। छोटी-सी झपकी से ह्रदय संबंधी बीमारियों का खतरा भी जुड़ा है। अगर हम जरूरत से अधिक जागते हैं तो हमारे शरीर में ''फाइट या फ्लाइट'' रसायनों का संचय हो जाता है। अध्ययनों से पता चलता है कि उचित नींद से इन रसायनों को कम करने में मदद मिलती है जिससे रक्त चाप और ह्रदय गति सामान्य होती है। कुछ लोगों को झपकी से इस प्रक्रिया में मदद मिलती है।

### झपकी के नुकसान भी हो सकते हैं

तीस मिनट से अधिक की झपकी नींद की जड़ता (स्लीप इनर्शिया) भी हो सकती है जिसमें नींद से जागने के बाद भी मनोदशा ठीक नहीं रहती है। आमतौर पर जितनी लंबी झपकी होगी, उतना ही नींद की जड़ता पर काबू पाना मुश्किल होगा। इससे आधे घंटे तक संज्ञानात्मक हानि हो सकती है। कई मामलों में नींद के तुरंत बाद कैफीन का सेवन कर इस असर को कम किया जा सकता है।

# बुखार को कम करने के करने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके

बुखार का आना काफी कॉमन होता है, ये अक्सर सर्दी या फ्लू जैसे वायरस के कारण होता है। जो लोग फ्लू की चपेट में आ जाते हैं उन लोगों में फीवर का आना काफी कॉमन होता है। बरसात के मौसम में ये दिक्कत बढ़ जाती है। दरअसल, इस मौसम में संक्रमण तेजी से फैलता है। जिसकी वजह से बुखार आ सकता है। अगर आपको भी सर्दी-फ्लू से बुखार आ गया है तो इससे निपटने के लिए आप कुछ तरीकों को अपना सकते हैं। यहां कुछ आसान तरीके हैं जो सर्दी-फ्लू से आए बुखार को कम करने में आपकी मदद करेंगे। सर्दी या फ्लू से होने वाले बुखार को कैसे कम करें...

1) **स्पंजिंग-** बुखार को कम करने के लिए अपने माथे और अपनी गर्दन के पीछे एक ठंडा, गीला वॉशक्लॉथ रखें। इससे आपके बुखार के लक्षणों को कम करने में मदद मिलेगी। आप शरीर के तेज गर्म हिससों पर ठंडे पानी से स्पंज करें। इसे लगभग 5 मिनट तक किया जाता है।



2) **ठंडे तापमान में रहें-** कमरे के तापमान को ठंडा रखना और केवल चादर या हल्के कंबल के साथ सोना आपको ठंडा रखने में मदद कर सकता है। हालांकि, बच्चों के साथ ऐसा करने से बचें।

3) **हलके कपड़े पहनें-** बुखार से राहत पाने के लिए हल्के कपड़े पहनना भी एक अच्छा ऑप्शन है, क्योंकि हल्के कपड़ों का ठंडा असर हो सकता है। बहुत गर्म कपड़े शरीर के तापमान को बढ़ा सकता है।

4) **हाइड्रेटेड रहें-** बुखार होने से फ्लूयड की हानि और डिहाइड्रेशन हो सकता है। ऐसे में बुखार होने पर बहुत पानी पीने की सलाह दी जाती है।

5) **खूब आराम करें-** बुखार कम करने के लिए आपको आराम करना चाहिए। पर्याप्त नींद लेने से आपकी इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने में मदद मिल सकती है। ऐसा होने पर शरीर को सर्दी या फ्लू वायरस से लड़ने में मदद मिलती है।




# वेज स्प्रिंग रोल



बारिश का हसीन मौसम चल रहा है। ऐसे मौसम में कचौड़ी, पकौड़ी और पराठे जैसे कई चटपटे डिशेज बनाते हैं, पर अगर आप कुछ अलग बनना चाहती हैं वेज स्प्रिंग रोल ट्राई कर सकते हैं। वेज स्प्रिंग रोल हर किसी को पसंद आते है। पर बारिश का मौसम में बाहर से खाना सेहत के लिए अच्छा नहीं होता है। ज्यादा अच्छा होगा की घर पर ही स्प्रिंग रोल बनाएं। ये बनाने में बेहद आसान है। आइए आपको बताते हैं आपको इसकी रेसिपी...

**आवश्यक सामग्री :** कॉर्नफ्लावर/ कॉर्नस्टार्च- 1 कप, प्याज- आधा कप, पत्ता गोभी- 1 कप, शिमला मिर्च- आधा कप, गाजर कद्दूकस- 1 कप, नूडल्स उबले- आधा कप, सोया सॉस - 2 टी स्पून, तेल- 1 टेबलस्पून, पेपर पाउडर, नमक- स्वाद के अनुसार

**बनाने की विधि :** स्टफिंग बनाने के लिये एक नॉन-स्टिक बर्तन में थोड़ा सा तेल गरम करें, उसमें डालें प्याज़, हरे प्याज़, गाजर, शिमला मिर्च, पत्ता गोभी और नमक और टॉस करें। पेपर पाउडर और सोया सॉस डालकर मिला लें। बीन स्प्राउट्स और हरे प्याज़ के पत्ते डालकर मिला लें। तबतक पकाएं जबतक सब्जियां पक जाएं। अब इसे ठंडा होने के लिए रख दें। कढ़ाई में तेल गरम करने रखें। कॉर्नफ्लावर को 2 बडे.चम्मच पानी में मिलाकर एक पेस्ट बना ले। स्प्रिंग रोल रेपर को फैला कर रखें। स्टफिंग के मिश्रण के 10 भाग बना लें, हर भाग को हर रेपर पर एक ओर रखें, बगलों को बीच में लाकर कसकर रोल कर लें। कॉर्नफ्लावर के पेस्ट लगाकर सील कर लें। रोल्स को भीगे कपडे.से ढक कर रखें। रोल्स को गरम तेल में डालकर सुनहरा और करारे होने तक तल लें। तेल से निकालकर अब्ज़ौरबेन्ट पेपर पर रखें। हर रोल को काटकर गरमागरम परोसें।



# फिल्म इंडस्ट्री में समान अवसर मिलेगा तभी सशक्त बनेंगी महिलाएं

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अभिनेत्री मोना सिंह ने फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के प्रतिनिधित्व पर बात की।**

अभिनेत्री का मानना है कि इंडस्ट्री में महिलाएं तभी सशक्त बन सकती हैं, जब उन्हें भी मुख्य किरदार मिले, समान अवसर मिले। मोना ने कहा, मेरी राय में हमारे मनोरंजन जगत में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण बदलाव महिलाओं के प्रतिनिधित्व और उसकी विविधता को बढ़ावा देने के साथ ही अधिक समान अवसर मुहैया कराने की आवश्यकता है।

उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि कैमरे के सामने और पीछे दोनों जगह महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाकर, उन्हें अधिक बारीक या अलग हटकर भूमिका निभाने की छूट देकर उनके लिए बेहतर किया जा सकता है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री लोकप्रिय टीवी शो जस्सी जैसी कोई नहीं में शानदार काम कर घर-घर छा गईं। शो में उनका किरदार आज भी भूला नहीं जा सकता है। उन्होंने शो में एक सेक्रेटरी की भूमिका निभाई, जो आंखों पर मोटा चश्मा, लगाए नजर आई, जिसमें कॉन्फिडेंस की कमी रहती है। टीवी के साथ ही मोना सिंह कई फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। जस्सी जैसी कोई नहीं के बाद वह रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' के पहले सीजन में नजर आई, जिसकी वह विजेता भी रहीं। 'फेमिना मिस इंडिया' और 'झलक दिखला जा 2' को भी होस्ट कर चुकी हैं।

टीवी जगत में सफल होने के बाद अभिनेत्री साल 2009 में बॉलीवुड में एंट्री की। उन्होंने राजकुमार हिरानी की कॉमेडी-ड्रामा 3 इडियट्स (2009) में सहायक भूमिका निभाई। उनके किरदार को दर्शकों ने पसंद किया। इस दौरान मोना ने कई और भी फिल्मों में सहायक भूमिका निभाई। उन्होंने लाल सिंह चड्ढा और मुंज्या जैसी फिल्में की। उन्होंने फिल्म लाल सिंह चड्ढा में आमिर खान की मां की भूमिका निभाई थी। साथ ही वह वेब सीरीज मेड इन हेवन और काला पानी में भी अहम किरदार में नजर आईं। मोना सिंह साल 2012 में फोर्ब्स इंडिया की 100 सेलिब्रिटी की लिस्ट में भी शामिल हो चुकी हैं।



# अब फिल्म बनाएंगी श्वेता त्रिपाठी

'मिर्जापुर' फेम अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अभिनय के बाद अब निर्माता के तौर पर इंडस्ट्री में काम करने के लिए तैयार हैं। उनके पास कई जॉनर के प्रोजेक्ट्स हैं। श्वेता को पहले प्रोडक्शन में बनी फिल्म दो महिलाओं के बीच की प्रेम कहानी पर आधारित होगी। इस प्रोजेक्ट में उन्होंने एक अभिनेता के रूप में एंट्री ली थी, लेकिन बाद में निर्माता के रूप में जुड़ने का फैसला लिया। आइए जानते हैं अभिनेत्री ने ऐसा क्यों किया?

**क्यों लिया फिल्म का निर्माता बनने का फैसला?**

श्वेता के प्रोडक्शन में बनने वाली यह फिल्म LGBTQIA+ पर आधारित है। निर्माता के तौर पर फिल्म से जुड़ने के फैसले के बारे में बात करते हुए श्वेता त्रिपाठी ने कहा, जब एक एक्टर के रूप में यह स्क्रिप्ट मेरे पास आई तो मैं तुरंत इसकी संवेदनशीलता और जिस तरह से इसमें प्रेम को उसके शुद्ध रूप में दर्शाया गया था, उससे आकर्षित हो गई। जैसे-जैसे मैंने गहराई से इसे जाना, मुझे एहसास हुआ कि इस कहानी को सही तरीके से बताया जाना कितना महत्वपूर्ण है। इसके बाद ही मैंने निर्माता के रूप में इसका हिस्सा बनने का फैसला किया। श्वेता ने आगे कहा, यह सिर्फ एक फिल्म नहीं है। यह प्रेम, पहचान और खुद के होने के साहस का उत्सव है। एक निर्माता के रूप में अब मेरे पास कहानियां कहने की रचनात्मक स्वतंत्रता है और मैं इससे बेहतर शुरुआत की उम्मीद नहीं कर सकती थी। इसके अलावा श्वेता के प्रोडक्शन स्लेट में एक हॉरर फिल्म, एक ड्रामा और एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर शामिल है।


**बच्चों की कहानियां बनाना चाहती हैं श्वेता**

इस फिल्म के अलावा श्वेता की रुचि बच्चों की कहानी बनाने में भी है। यह जॉनर उनके दिल के काफी करीब है। अभिनेत्री का मानना है कि हम जो फिल्में देखते हुए बड़े होते हैं, वह हमें बहुत गहराई से आकार देती हैं और उन्हें ऐसी कहानियां बनाने की उम्मीद है जो बच्चों के दिमाग पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ें।

# जेलर 2 को लेकर आई बड़ी जानकारी

तमिल सुपरस्टार रजनीकांत के फैंस के लिए खुशखबरी है। वह एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। उनके पास कई बड़ी फिल्में है, जिनमें से एक जेलर 2 भी है। फिल्म में फैंस रजनीकांत को एक बार फिर से पहले भाग की तरह मुथुवेल पांडीयन के किरदार में देखे सकेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जेलर 2 की शूटिंग अगले हफ्ते में शुरू होने वाली है। फिल्म की टीम पहले चेन्नई में शूटिंग करेगी। उसके बाद गोवा और तमिलनाडु के थेनी में आगे की शूटिंग की जाएगी। फिल्म में एक बार फिर से अनिरुद्ध रविचंदर का संगीत सुनने को मिलेगा। वहीं, फिल्म का निर्देशन नेल्सन दिलीप कुमार करने वाले हैं। फिल्म सिनेमाघरों में कब तक दस्तक देगी इस बात का अभी आधिकारिक एलान नहीं किया गया है।





# टीवी की दुनिया ने हमेशा महिलाओं को सम्मान दिया

रूपाली गांगुली लगभग पांच साल से सीरियल 'अनुपमा' में मुख्य भूमिका निभा रही है। यह सीरियल आम महिलाओं की समस्याओं को भी अपनी कहानी के जरिए दिखाता है। साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनने का संदेश भी देता है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान रूपाली गांगुली ने अपने टीवी सीरियल में काम करने के अनुभव, यहां के माहौल के बारे में बात की। हाल ही में जूम को दिए गए इंटरव्यू में रूपाली गांगुली कहती हैं, 'टीवी जैसी कोई और इंडस्ट्री हो ही नहीं सकती है। यह एक अच्छी जगह है। यहां आपको काबिलियत पर काम मिलता है। मैं आज भी ऑडिशन देती हूं। लेकिन इस इंडस्ट्री ने महिलाओं को बहुत सम्मान दिया है। महिला कलाकारों को यहां रानियों की तरफ ट्रीट किया जाता है।

**फिल्मों के बुरे अनुभव भी बताए**

टीवी की तारीफ करने के अलावा रूपाली गांगुली ने यह भी बताया कि उन्होंने फिल्मों में काम करना क्यों छोड़ा। वह बताती हैं, 'कई लोगों ने फिल्म इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच का सामना किया है। आज तो महिलाएं इस बारे में बात कर रही हैं, उस वक्त बात नहीं होती थी। यही बड़ी वजह रही कि मैंने फिल्म इंडस्ट्री को छोड़ दिया।

# पैन-इंडिया फिल्म 'महाशक्ति' का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं

मशहूर निर्देशक सुंदर सी अपनी नई पैन-इंडिया फिल्म 'महाशक्ति' के साथ एक भव्य सिनेमाई अनुभव देने जा रहे हैं। ये फिल्म न सिर्फ क्षेत्रीय सिनेमा की सीमाओं को तोड़ेगी, बल्कि भारत और दुनिया भर के दर्शकों को एक नई कहानी से जोड़ने का काम करेगी। इसमें साउथ इंडियन एक्ट्रेस नयनतारा लीड रोल प्ले करेंगी। नयनतारा ने अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा- 'इस किरदार को निभाना महज अभिनय तक सीमित नहीं है। ये एक भावना है। 'महाशक्ति' सिनेमा से परे एक शक्ति रखती है। सुंदर सर के विजन के साथ हम एक ऐसी कहानी लेकर आ रहे है, जो हर दर्शक पर अपना असर छोड़ेगी। मैं इस भव्य यात्रा का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं'। फिल्म की शूटिंग जोरों पर है और मेकर्स जल्द ही इसकी रिलीज डेट का ऐलान करेंगे। इस फिल्म को भारत समेत कई भाषाओं में रिलीज़ किया जाएगा, जिससे ये एक पैन-इंडिया ब्लॉकबस्टर बनने की पूरी संभावना है। फिल्म में नयनतारा एक दिव्य शक्ति और रक्षक की भूमिका निभाएंगी।





# प्रभास ने मुफ्त में किया कन्नप्पा में कैमियो? विष्णु मांचू ने किया खुलासा

विष्णु मांचू की पौराणिक ड्रामा कन्नप्पा बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म प्रभास, अक्षय कुमार, काजल अग्रवाल और मोहनलाल के दिलचस्प कैमियो की वजह से चर्चा में है। अब विष्णु मांचू अपनी फिल्म का प्रचार करने में जुटे हुए हैं। हाल ही में फिल्म का टीजर जारी हुआ था, जिसमें प्रभास के कैमियो और उनके किरदार के बारे में खास चर्चा हुई थी। वहीं, अब प्रभास के किरदार से जुड़ी बारे में दिलचस्प जानकारी सामने आई है।

**फ्री में प्रभास ने किया काम**

साउथ सुपरस्टार प्रभास ने विष्णु मांचू की आने वाली फिल्म कन्नप्पा में अपने दमदार कैमियो के लिए एक भी रुपये नहीं लिया। फिल्म में अभिनेता रुद्र की पौराणिक भूमिका निभाते नजर आएंगे। हाल ही में एक्स पर चैटिंग सेशन के दौरान एक यूजर ने विष्णु मांचू से पूछा, क्या प्रभास सर फ्री में एक्टिंग करते हैं? क्या यह सच है? इस पर विष्णु मांचू ने हां कहकर इसकी पुष्टि की। हालांकि, उन्होंने इस बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी, लेकिन उनका सकारात्मक जवाब प्रभास के प्रशंसकों को खुश करने के लिए काफी था।

**प्रभास ने तुरंत किरदार के लिए कह दी थी हां**

विष्णु मांचू ने यह भी बताया कि प्रभास को कन्नप्पा में रुद्र की भूमिका स्वीकार करने में बस कुछ ही मिनट लगे। अभिनेता ने कहा, उन्हें यह बेहद पसंद आया। कन्नप्पा में बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार भी भगवान शिव की भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म की कहानी की बात करें तो रिपोर्ट्स के अनुसार, मुख्य भूमिका निभाने वाले विष्णु मांचू युद्ध की कठोर वास्तविकताओं का सामना करने के बाद भगवान शिव के एक उत्साही भक्त बन जाएंगे।

**फिल्म की शूटिंग और निर्माण**

फिल्म में काजल अग्रवाल देवी पार्वती की भूमिका में होंगी और मोहनलाल किराता की भूमिका में नजर आएंगे। मुख्य भूमिका निभाने के अलावा विष्णु ने कन्नप्पा की पटकथा भी लिखी है। इसका निर्माण विष्णु मांचू के पिता और दिग्गज अभिनेता-निर्माता मोहन बाबू ने किया है। इसकी शूटिंग न्यूजीलैंड, हैदराबाद और अन्य स्थानों पर की गई है।





# मैं हूं भारतीय सिनेमा का असली बादशाह, कार्तिक ने उड़ाया मजाक

बॉलीवुड के चमकते सितारे कार्तिक आर्यन लगातार चर्चाओं में बने रहते हैं। हाल ही में कार्तिक आर्यन ने अपने सोशल मीडिया पर निर्माता-निर्देशक करण जौहर के साथ एक मजेदार वीडियो शेयर किया है। ये वीडियो तब का है जब दोनों स्टार 25वें आईफा अवॉर्ड्स के लिए जयपुर पहुंचे थे। इस वीडियो में दोनों एक-दूसरे पर तंज कस रहे हैं और इस बात पर बहस कर रहे हैं कि भारतीय सिनेमा का असली राजा कौन है?

**कौन है भारतीय सिनेमा का असली बादशाह?**

वीडियो की शुरुआत में करण जौहर कार्तिक आर्यन से कहते हैं, कार्तिक, रॉयल्टी का भी कुछ मतलब होता है। बॉलीवुड का बादशाह मैं हूं, तुम नहीं। इस पर कार्तिक जवाब देते हुए कहते हैं, अगर आप बादशाह हो, तो मैं इंडियन सिनेमा का राजकुमार हूं। इस पर करण कहते हैं, हे भगवान, तुम और रॉयल्टी? असली रॉयल्टी मैं हूं। जिसके बाद भूल भुलैया 3 स्टार कार्तिक करण जौहर के ट्रांसफॉर्मेशन और उनके दुबले होने पर मजाकिया लहजे में तंज कसते हुए कहते हैं, आप इतने पतले कैसे हुए हो? ऐसा लग रहा है किसी ने करण भेज दिया है, और जौहर अभी बाकी है।

**करण ने कार्तिक की फिल्म का उड़ाया मजाक**

आगे करण जौहर कार्तिक पर मजाकिया लहजे में सख्त होते हुए 2023 में आई कार्तिक की फ्लॉप फिल्म 'शहजादा' पर तंज कसते हुए कहते हैं, ओह मिस्टर कैजादा। जिस पर कार्तिक कहते हैं, जोक शहजादा पर बनता है, उस पर होना चाहिए। इस पर करण जौहर कहते हैं, उस पर कुछ नहीं बनता है।

**करण-कार्तिक के बीच हो गई थी अनबन**

कार्तिक आर्यन और करण जौहर के बीच तब रिश्तों में तल्खियां आने की खबरें सामने आई थीं जब 2021 में कार्तिक आर्यन को करण जौहर की फिल्म 'दोस्ताना 2' से बाहर कर दिया गया था। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी थी, लेकिन बाद में कार्तिक को हटा दिया गया था। जिसके बाद इन दोनों के बीच अनबन की खबरें सामने आई थीं। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी इसके पीछे की वजह का खुलासा नहीं किया था।

**करण की फिल्म में नजर आएंगे कार्तिक**

2023 में कार्तिक आर्यन के जन्मदिन के मौके पर करण जौहर ने कार्तिक के साथ अपनी नई फिल्म की घोषणा करके दोनों के बीच फिर से दोस्ती हो जाने का संकेत दिया था। करण ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभिनेता के साथ एक फिल्म की घोषणा की थी। जिसके बाद दोनों के बीच की अनबन पूरी तरह से खत्म हो गई है। अब दोनों 2025 के आईफा अवॉर्ड्स को भी होस्ट करते दिखेंगे।



# रणबीर कपूर के साथ फिल्म में काम करना चाहती हैं मावरा हुसैन

पिछले महीने पर्दे पर फिर से रिलीज हुई सनम तेरी कसम ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचाया। नए फिल्मों से मुकाबला होने के बावजूद यह रोमांटिक ड्रामा फिर से दर्शकों को आकर्षित करने में सफल रही। फिल्म में मावरा हुसैन ने हर्षवर्धन राणे के साथ मुख्य भूमिका निभाई है। माहिरा हुसैन होकेन ने हाल ही में रणबीर कपूर के साथ काम करने की इच्छा जताई। उन्होंने व्यक्त किया कि वह उनके साथ रॉकस्टार का हिस्सा बनना पसंद करतीं। इंस्टेंट बॉलीवुड से बातचीत में मावरा हुसैन से पूछा गया कि वह रणबीर कपूर के साथ किस तरह की फिल्में करना चाहेंगी। उन्होंने कहा, मैं रॉकस्टार करना पसंद करती। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी फिल्म है जिसे उन्होंने कई बार देखा है।



नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान

# पेट्रोल पंप के सेल्समैन से अभद्रता पर होगा सख्त एक्शन




**नोएडा ( चेतना मंच )।** दो पहिया वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शासन द्वारा संचालित नो हेलमेट, नो फ्यूल नीति के शत-प्रतिशत अनुपालन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पेट्रोल पंप संचालकों ने प्रशासन को अवगत कराया कि वे नो हेलमेट, नो फ्यूल नीति का पालन करा रहे हैं। हालांकि, कई बार स्थानीय लोगों द्वारा सेल्समैन से अभद्रता एवं मारपीट की घटनाएँ सामने आ रही हैं, जब वे बिना हेलमेट के पेट्रोल देने से मना करते हैं।

इस पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि इस संबंध में ट्रैफिक पुलिस को पत्र भेजा जाए, ताकि पुलिस पेट्रोल पंपों पर इस नीति के पालन में सहयोग करे। साथ ही, सेल्समैन के साथ मारपीट करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि नो हेलमेट, नो फ्यूल नीति के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को स्वयं सतर्क रहना चाहिए और दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनने की आदत डालनी चाहिए।

बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी ओम हरि उपाध्याय, क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारी बृजेश पाल, ट्रैफिक पुलिस, अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी तथा पेट्रोल पंप संचालक उपस्थित रहे।

# ग्रेटर नोएडा में होली मिलन की मची धूम




**नोएडा/ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** होली के अवसर पर नोएडा और ग्रेटर नोएडा में विभिन्न संस्थाओं द्वारा होली मिलन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने शिरकत की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय सांसद डा. महेश शर्मा ने अपने संबोधन में पत्रकारों को नसीहत देते हुए कहा कि यदि कोई नेता स्वयं को पत्रकारों और जनता से अधिक जानकार समझे, तो वह मूर्खता कर रहा है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि पत्रकारिता एक सम्मानजनक पेशा है, लेकिन कुछ लोगों की वजह से यह संदेह के घेरे में आ जाती है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की वजह से प्रशासन को महत्वपूर्ण जानकारियाँ मिलती हैं, क्योंकि वे गली-कस्बों तक जाकर समाज की सच्चाई सामने लाते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि सरकार की नीतियों और योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने में मीडिया की भूमिका अहम होती है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि एक ईमानदार पत्रकार न्याय दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने पत्रकारों से आग्रह किया कि वे अपने पेशे की निष्पक्षता और ईमानदारी को बनाए रखें।

उन्होंने नोएडा से लखनऊ के सफर का उदाहरण देते हुए कहा कि यात्रा के दौरान कब क्या हो जाए, यह कोई नहीं जानता। इस दौरान उन्होंने डॉक्टरों के पेशे से तुलना करते हुए कहा कि यदि कोई डॉक्टर अनैतिक कार्यों में लिप्त होता है, तो पूरी डॉक्टर बिरादरी शर्मिंदा होती है और लोगों का भरोसा कम हो जाता है।

समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने इस अवसर पर मीडिया की निष्पक्षता पर जोर देते हुए कहा कि आज की मीडिया में कुछ लोग एकतरफा खबरें दिखाते हैं, जो पत्रकारिता के मूल्यों के खिलाफ है।

इस होली मिलन समारोह में प्रेस क्लब के अध्यक्ष आदेश भाटी, पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र चंदेल, रविंद्र जयंत, वरिष्ठ पत्रकार कपिल शर्मा, राजेंद्र भाटी, तरुण भड़ाना, रोहित प्रियदर्शन, कृष्ण कुमार, अमित, विनोद शर्मा

भाजपा नेता- हरीश चंद्र भाटी, सतेंद्र नागर, सतेंद्र आवाना, विधायक तेजपाल नागर, एमएलसी नरेंद्र भाटी, सपा नेता महेंद्र नागर, फकीरचंद नागर, समाजसेवी हरेंद्र नागर, अर्चना प्रजापति आदि अनेक लोग शामिल रहे।

# शिक्षा, खेल, समाजसेवा में जुटी डेढ़ दर्जन महिलाएं सम्मानित

**नोएडा( चेतना मंच )।** बड़े गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) नोएडा लोकमंच ने सेक्टर-50 स्थित रामाज्ञा स्कूल में एक कार्यक्रम आयोजित कर अपने देश और समाज में विशिष्ट सेवा और प्रदर्शन से अपना विशेष स्थान बनाने वाली डेढ़ दर्जन महिलाओं को सम्मानित किया। पूर्व कैबिनेट सेक्रेटरी और झारखंड के पूर्व राज्यपाल आईएएस प्रभात कुमार ने इस अवसर पर कहा कि लक्ष्य हासिल करने के लिए आंखें होना उतना आवश्यक नहीं है जितना इरादों का दृढ़ होना आवश्यक होता है।



गैर सरकारी सामाजिक संगठन (एनजीओ) के सामाजिक सरोकारों में यह भी शामिल होना चाहिए कि विभिन्न स्तरों पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले लोगों को सार्वजनिक तौर पर सम्मानित किया जाए। नोएडा लोकमंच ने इसी सरोकार के तहत आज ऐसी डेढ़ दर्जन महिलाओं को एक भव्य समारोह में सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में नोएडा के पुलिस उपायुक्त रामबदन सिंह ने कहा कि हिलाओं के लिए हर दिन सम्मान का दिन होना चाहिए।

नोएडा लोकमंच के प्रकल्प पहला कदम के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, नोएडा सीईओ की धर्मपत्नी श्रीमती श्रद्धा लोकेश, डॉ उमा शर्मा, पूर्व नौकरशाह योगेन्द्र नारायण व जेपी शर्मा, पूर्व मंत्री मदन चौहान, पूर्व विधायक श्रीमती विमला बाथम, प्रकाश ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल एंड इंस्टीट्यूट के चेयरमैन डॉ वी एस चौहान, डीसीपी प्रीति यादव, नवरत्न फाउंडेशन के चेयरमैन अशोक श्रीवास्तव समेत तमाम विशिष्ट लोगों ने उपस्थिति रहे।

सम्मानित होने वाली महिलाओं में पुष्पा सिंह संस्कार स्कूल, रेणु सिंह टीचिंग अवॉर्ड विजेता ,सुनीता खटाना समाजसेवी, ज्योति श्रीवास्तव नर्तकी वैशाली कला केंद्र, शालू गोयल संचालिका अपना घर नोएडा, रुचिका गुप्ता पशु प्रेमी, डॉ रितु गुप्ता , श्रद्धा लोकेश,उमा शर्मा, डीसीपी प्रीति यादव , प्रोफेसर अंकिता राज,दिव्या काकरान रेसलर, शशि पांडे फील्ड स्कॉलर लेखक, आरती खन्ना फील्ड स्कॉलर ,पाशर्वी चोपड़ा खिलाड़ी,शिखा धामा(एक पुलिसकर्मी जो नौकरी के साथ-साथ गरीब बच्चों को शिक्षित करने में जुटी रहती है), रूचि गुप्ता शिक्षा प्रियंका सिंह सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर शामिल रहीं।कार्यक्रम का संचालन आर एन श्रीवास्तव व राजेश्वरी त्यागराजन ने किया। नोएडा लोकमंच महासचिव महेश सक्सेना ने इस अवसर पर कहा कि समाज के उत्थान में जुटे लोगों को सम्मानित करना स्वयं सम्मानित होने जैसा है।

# उत्तर प्रदेश के युवाओं को मिलेगा संसद में जाने का मौका

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और द्रोणाचार्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, नॉलेज पार्क, ग्रेटर नोएडा के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जुड़े विचारों को नीति-निर्माताओं तक पहुंचाने का एक अनूठा मंच प्रदान करेगा। इसके माध्यम से नीतिगत चर्चाओं, नेतृत्व विकास और नवाचार को प्रोत्साहित किया जाएगा।



इस कार्यक्रम में गौतमबुद्धनगर जनपद के 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा भाग ले सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 16 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। इच्छुक प्रतिभागियों को विकसित भारत हमारे लिए क्या मायने रखता है विषय पर हिंदी या अंग्रेजी में एक मिनट का वीडियो बनाकर माय भारत पोर्टल पर अपलोड करना होगा।

द्रोणाचार्य कॉलेज की निदेशक डॉ. अर्पिता गुप्ता ने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत 150 युवाओं को जिला स्तरीय यूथ पार्लियामेंट में शामिल होने का अवसर मिलेगा। इस आयोजन का नोडल जनपद गौतमबुद्धनगर होगा, जिसमें गौतमबुद्धनगर, बागपत और गाजियाबाद के युवा भाग लेंगे। जिला स्तर से 10 विजेता राज्य स्तरीय यूथ पार्लियामेंट के लिए चयनित होंगे। इनमें से तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर नई दिल्ली में उत्तर प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# स्टेट कबड्डी प्रतियोगिता में मेरठ की टीम विजयी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश और जिला खेल कार्यालय गौतम बुद्ध नगर के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय ओपन स्टेट सीनियर पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जनपद मेरठ और जनपद वाराणसी के बीच खेला गया।

उप जिला क्रीड़ा अधिकारी, गौतम बुद्ध नगर अनीता नागर ने बताया कि इस रोमांचक मुकाबले में मेरठ की टीम ने वाराणसी को 13 अंकों से पराजित किया। इस अवसर पर गौतम बुद्ध नगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ के महासचिव राजेश कुमार यादव ने संयुक्त रूप से विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी, ट्रैकसूट और मोमेंटो देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी लक्ष्यराज त्यागी, उप जिला क्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर, जिला कबड्डी संघ के जितेंद्र नागर, श्याम वीर विधूड़ी, बालचंद नागर, विजय किशोर (निम्स हॉस्पिटल),डॉ. परवेज अली (जूडो कोच), ज्योति नागर (बॉक्सिंग कोच), सुमित कुमार (कबड्डी कोच), शिलांकुर (नेटबॉल कोच), देवेंद्र कौशिक (कार्यालय सहायक) आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में लक्ष्यराज त्यागी ने सभी का आभार व्यक्त किया, वहीं उप जिला क्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

# सेक्टर-117 में डंपिंग ग्राउंड बनाने की तैयारियों पर मचा हंगामा

**नोएडा ( चेतना मंच )।**

सेक्टर 117 के आस पास रहने वाले लोगों के लिए एक बड़ी समस्या आ खड़ी हुई है। सेक्टर 117 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एडवोकेट कोसिंदर यादव ने बताया की नोएडा प्राधिकरण द्वारा सेक्टर-32 का हॉर्टीकल्चर वेस्ट अब सेक्टर-117 में डंप करने की योजना बनाई जा रही है, लेकिन यह फैसला वहां के निवासियों के लिए भारी चिंता का कारण बन गया है। लाखों लोगों के बीच कचरे का ढेर लगाने की इस योजना पर स्थानीय लोग भड़क उठे हैं और इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग कर रहे हैं।



सेक्टर 117 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एडवोकेट कोसिंदर यादव से जब हमारे संवाददाता दीप चौधरी ने बात की तो उन्होंने बताया की नोएडा प्राधिकरण ने होली के बाद से सेक्टर-32 में डाले जाने वाले गार्डन वेस्ट को सेक्टर-117 में शिफ्ट करने का फैसला ले रही है । श्री यादव ने बताया की यह इलाका घनी आबादी वाला है, जहां करीब 30-40 हाउसिंग सोसायटीज और हजारों परिवार रहते हैं। जिससे क्षेत्र में दुर्गंध, गंदगी और आग लगने जैसी घटनाओं का खतरा बढ़ जाएगा।



*एडवोकेट कोसिंदर यादव ने बताया की नोएडा प्राधिकरण हाल ही में सेक्टर-32ए में बने हॉर्टिकल्चर वास्ते ग्राउंड के कचरे में लग रही आग को नहीं रोक पाया, तो सेक्टर-117 में यह कैसे संभव होगा? श्री यादव ने बताया की लगातार सेक्टर-117 को निशाना बनाया जा रहा, पिछले साल भी यहां एनिमल शेल्टर बनाने का प्रस्ताव रखा गया था, जिसे स्थानीय विरोध के बाद रद्द करना पड़ा। श्री यादव ने ये भी सवाल उठाया की नोएडा प्रधिकरण इस घनी आबादी वाले क्षेत्र में डंपिंग ग्राउंड बनाने का कैसे सोच सकती है।*

सेक्टर-117 के निवासियों से भी जब हमारे संवाददाता दीप चौधरी ने बात की तो उन्होंने कहाँ की प्राधिकरण यह फैसला वापस ले और वेस्ट को आबादी से दूर किसी उपयुक्त स्थान पर डंप करने की मांग की। फोनरवा के संयुक्त सचिव और सेक्टर-117 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष एडवोकेट कोसिंदर यादव ने प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. लोकेश एम को पत्र लिखकर इस फैसले का विरोध किया है और मांग की है कि इस कचरे को ऐसी जगह डंप किया जाए, जहां आबादी को कोई खतरा न हो।

